शनिवार, 4 अक्टूबर 2025

**मौसम**

तापमान 27 – 31
आर्द्रता 91%
सूर्योदय: 5:29 सूर्यास्त: 17:21

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



जुरेल, जडेजा और राहुल की शतकीय पारियों से भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : सच्चे शिक्षक वे हैं जो हमें अपने लिए सोचने में मदद करते हैं।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555



शोभाबाज़ार राजबाड़ी की दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन बागबाज़ार घाट में पारंपरिक अंदाज़ में किया गया। भक्तजन नौका पर सवार होकर मां दुर्गा को भावभीनी विदाई देते नज़र आए।

### थलसेना प्रमुख ने पाकिस्तान को दी चेतावनी

# अगली बार संयम नहीं दिखाएगा भारत



**अनूपगढ़/जयपुर :** थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश विश्व के मानचित्र पर अपना स्थान बनाए रखना चाहता है तो उसे अपनी धरती से आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देना चाहिए। जनरल द्विवेदी ने साथ ही कहा कि नयी दिल्ली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो संयम दिखाया था, वह भविष्य में कोई सैन्य संघर्ष होने की स्थिति में दोहराया नहीं जाएगा और उन्होंने भारतीय सैनिकों से कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में सैनिकों को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा, ''भारत एक देश के तौर पर इस बार पूरी तरह तैयार है और वह ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान दिखाए गए संयम का परिचय इस बार नहीं देगा। इस बार हम एक कदम आगे बढ़ेंगे और इस तरह से काम करेंगे कि पाकिस्तान यह सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि वह दुनिया के नक्शे पर बना रहना चाहता है या नहीं।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर पाकिस्तान दुनिया के नक्शे पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे सरकार प्रायोजित आतंकवाद को रोकना होगा। थलसेना प्रमुख ने सैनिकों से तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा, ''अभी से पूरी तरह तैयार रहो, अगर ईश्वर ने चाहा तो जल्द ही मौका आएगा।'' जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया को पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों की मौजूदगी के सबूत दिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत ने ये सबूत उजागर नहीं किए होते तो पाकिस्तान ये सब छिपा लेता।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने एफ–16 सहित 12–13 विमान खोए : वायुसेना प्रमुख



**नयी दिल्ली :** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों में एफ–16 जेट सहित कम से कम एक दर्जन पाकिस्तानी सैन्य विमान नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हुए। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान द्वारा भारत को नुकसान पहुंचाने के दावे को ''मनोहर कहानियां'' बताया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय कार्रवाई में पाकिस्तान में कई सैन्य ढांचों को भी नुकसान पहुंचा, जिनमें तीन स्थानों पर हैंगर, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमान और नियंत्रण केंद्र और दो स्थानों पर रनवे शामिल हैं। वह वार्षिक वायुसेना दिवस से कुछ दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न आतंकवादी समूहों द्वारा अपने ठिकानों को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थानांतरित करने की खबरों के बारे में उन्होंने कहा कि यह अपेक्षित था और भारतीय वायु सेना उनके ठिकानों पर सटीक निशाना लगाने के लिए अंदर तक जाकर हमला कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमें एक सी–130 श्रेणी के विमान, एक ''प्रारंभिक चेतावनी व नियंत्रण प्रणाली'' श्रेणी के विमान और कम से कम चार से पांच लड़ाकू विमानों, जिनमें संभवतः एफ–16 शामिल हैं, को नुकसान पहुंचने के संकेत मिले हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि 300 किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार करने वाले लंबी दूरी के हमले के स्पष्ट सबूत हैं, जिसमें एफ–16 और जेएफ–17 श्रेणी के पांच आधुनिक लड़ाकू विमानों को भी निशाना बनाया गया। एक हैंगर में पाकिस्तान के एफ–16 विमान को नुकसान पहुंचने की खबरें थीं, लेकिन यह पहली बार है जब भारतीय वायुसेना ने अमेरिका निर्मित विमान को निशाना बनाने की पुष्टि की। जेएफ –17 एक चीनी विमान है। वायुसेना प्रमुख द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार, पाकिस्तान ने 12 से 13 विमान खोए हैं।

## एस–400 वायु रक्षा प्रणालियों की अतिरिक्त खेप खरीद सकता है भारत

**नयी दिल्ली :** भारत रूस से एस–400 सतह से हवा में मार करने वाली प्रक्षेपास्त्र प्रणालियों की अतिरिक्त खेप खरीदने पर विचार कर रहा है, क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ये हथियार बहुत प्रभावी साबित हुए थे। मामले से परिचित लोगों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ऐसा माना जा रहा है कि प्रस्तावित खरीद पर दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान नयी दिल्ली और मास्को के बीच बातचीत हो सकती है। भारत ने रूस के साथ एस–400 वायु रक्षा प्रक्षेपास्त्र प्रणाली की पांच इकाइयों को खरीदने के लिए अक्टूबर 2018 में पांच अरब अमरीकी डालर के समझौते पर हस्ताक्षर किए, जबकि अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अनुबंध पर आगे बढ़ने से काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू संक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) के प्रावधानों के तहत अमेरिकी प्रतिबंध लग सकते हैं।

# 'भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा, अमेरिकी टैरिफ बेअसर' रूस के राष्ट्रपति पुतिन की ट्रंप को बड़ी चेतावनी

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत और चीन पर दबाव डालकर रूस से ऊर्जा संबंध खत्म करवाना चाहता है, लेकिन ऐसा कदम उल्टा असर डाल सकता है। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका रूस के व्यापारिक साझेदारों पर ज्यादा शुल्क लगाता है, तो इससे वैश्विक कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दरें ऊंची रखनी पड़ेंगी। हाल ही में अमेरिका ने भारत के निर्यात पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया है, जिससे यह टैक्स बढ़कर 50% हो गया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, भारत और चीन अपने साथ अपमान नहीं होने देंगे। उन्होंने साफ कहा कि अगर भारत रूस से ऊर्जा खरीदना बंद करता है, तो उसे नुकसान उठाना पड़ेगा। लेकिन भारत की जनता और नेतृत्व ऐसा कभी नहीं होने देंगे। पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए कहा कि मोदी ऐसे कोई कदम नहीं उठाएंगे।

### पुतिन ने यूक्रेन को मिसाइलों की आपूर्ति पर अमेरिका को चेताया

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलें उपलब्ध कराने से युद्धक्षेत्र की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा लेकिन इससे मॉस्को और वाशिंगटन के बीच संबंधों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। पुतिन ने सोची में काला सागर रिसॉर्ट में विदेश नीति के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के एक मंच पर कहा कि कीव को अमेरिकी टॉमहॉक क्रूज़ मिसाइलों की संभावित आपूर्ति ''नए स्तर के टकराव का संकेत होगी, जिसमें रूस और अमेरिका के बीच के संबंध भी शामिल हैं।''

# भारत अपने नागरिकों, अखंडता की रक्षा के लिए किसी भी सीमा को पार कर जाएगा: राजनाथ सिंह



**हैदराबाद :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने 2016 की 'सर्जिकल स्ट्राइक', 2019 के बालाकोट हवाई हमले और हाल में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के जरिए यह दिखा दिया है कि देश अपने नागरिकों की रक्षा और भारत की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर किसी भी सीमा को पार कर सकता है। सिंह ने जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जीतो) द्वारा यहां आयोजित 'जीतो कनेक्ट' में कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों को उनके धर्म के आधार पर मार दिया गया लेकिन भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ हमले करते समय किसी को धर्म के आधार पर निशाना नहीं बनाया। उन्होंने कहा, ''सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा देने के मकसद से आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। हमने वहां किसी भी सैन्य या असैन्य प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया। अगर हम चाहते तो हम ऐसा पहले भी कर सकते थे लेकिन हमने ऐसा नहीं किया।'' सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार सैन्य और आर्थिक शक्ति बढ़ाने पर जोर प्रभुत्व हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि धर्म, आस्था एवं मानवीय मूल्यों में निहित उन आदर्शों की रक्षा के लिए दे रही है जो भगवान महावीर की शिक्षाओं में प्रतिबिम्बित होते हैं। उन्होंने कहा, ''जब भारत के गौरव और सम्मान की बात आती है तो हमने कभी समझौता नहीं किया। चाहे वह 2016 की 'सर्जिकल स्ट्राइक' हो, 2019 के हवाई हमले हों या 2025 का ऑपरेशन सिंदूर, हमने साबित कर दिया है कि भारत की एकता एवं अखंडता के लिए और हर नागरिक के जीवन एवं देश की रक्षा के लिए, जब भी जरूरत होगी, हम किसी भी सीमा को पार कर जाएंगे।''

# आज से चेक सिर्फ घंटों में होगा क्लियर

**नई दिल्ली :** अगर आप भी बैंक में चेक लगाते हैं और पैसे आने में 2 दिन तक का इंतजार करना पड़ता है तो आपके लिए बड़ी राहत की खबर है।कई बार इस देरी की वजह से लोगों को दिक्कत भी होती है।लेकिन अब से ये परेशानी खत्म होने वाली है।अब आपको इतना लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक ने नया नियम लागू किया है। आज से चेक क्लियरिंग सिस्टम बदल जाएगा। जिसमें आपका चेक अब घंटों में पास हो जाएगा और पैसा फटाफट सीधे आपके अकाउंट में आ जाएगा।

**ये है टाइमिंग और क्लियरिंग प्रोसेस**

* बैंक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगातार चेक प्रेजेंटेशन सेशन चलाएंगे। यानी दिनभर स्कैन कॉपी क्लियरिंग हाउस को भेजी जाएगी।
* पहले चरण में शाम 7 बजे तक बैंक को कन्फर्मेशन देना होगा।
* दूसरे चरण से सिर्फ 3 घंटे के अंदर चेक क्लियर करना जरूरी होगा।
* चेक क्लियर होने के बाद बैंक को 1 घंटे के अंदर आपके अकाउंट में पैसा डालना होगा। यानी अब चेक जमा करने पर पैसा लगभग उसी दिन आपके अकाउंट में आ जाएगा।

# भारत को मिला अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ पुरस्कार



**नयी दिल्ली :** भारत, अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) पुरस्कार प्राप्त करने वाला पांचवां देश बन गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के शुक्रवार को बयान में कहा गया कि देश को सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए यह पुरस्कार मिला है। इस पुरस्कार की शुरुआत से अब तक इसे हासिल करने वाला भारत पांचवां देश है। इसके साथ ही देश सामाजिक सुरक्षा देने वाले दुनिया भर के अग्रणी देशों की सूची में शामिल हो गया है। सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए आईएसएसए पुरस्कार हर तीन साल में विश्व सामाजिक सुरक्षा मंच (डब्ल्यूएसएसएफ) पर प्रदान किया जाता है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मलेशिया के कुआलालंपुर में भारत सरकार की ओर से पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा, '' यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'पंक्ति में अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने' के दृष्टिकोण का प्रमाण है... जिसने समावेशी और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा की दिशा में हमारी यात्रा को आकार दिया है। '' श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री मांडविया ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का सामाजिक सुरक्षा 'कवरेज' 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापक नीति, प्रक्रिया और डिजिटल सुधारों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा को मजबूत कर रही है। देश एक समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से नए आय के अवसर और सामाजिक सुरक्षा स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहा है जिसमें वित्तीय पहुंच, कौशल, स्वरोजगार एवं डिजिटल नवाचार शामिल हैं। यह पुरस्कार आईएसएसए द्वारा 2013 में शुरू किया गया।

# अब तेल की जगह सोने की कीमत बन गई है वैश्विक अनिश्चितता का नया बैरोमीटर: मल्होत्रा



**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि शायद सोने की कीमत वैश्विक अनिश्चितताओं को दर्शाने वाले एक नए बैरोमीटर के रूप में काम कर रही है जबकि पहले कच्चा तेल ऐसा करता था। मल्होत्रा ने वर्तमान में लगभग हर देश के वित्तीय रूप से 'काफी तनावग्रस्त' होने का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा व्यापार नीति का माहौल कुछ अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने निवेशकों को सजग करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट देखी जा सकती है। आरबीआई ने बुधवार को तटस्थ मौद्रिक नीति रुख के साथ रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने की घोषणा की।

# केंद्र ने 2 साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप नहीं देने की सलाह दी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक परामर्श जारी कर निर्देश दिया है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाइयां नहीं दी जाएं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) द्वारा जारी यह परामर्श मध्यप्रदेश में कथित तौर पर दूषित कफ सिरप के कारण बच्चों की मौतों की खबरों के बीच आई है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पाया कि मध्यप्रदेश में परीक्षण किए गए किसी भी सिरप के नमूने में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) या एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) नहीं था। इन दोनों तत्वों से किडनी को गंभीर नुकसान हो सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले डीजीएचएस ने परामर्श में कहा कि आमतौर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप की सिफारिश नहीं की जाती है। इसमें कहा गया है कि वृद्ध लोगों के लिए, इनका उपयोग सावधानीपूर्वक नैदानिक मूल्यांकन, गहन निगरानी, उचित खुराक का कड़ाई से पालन आदि पर आधारित होना चाहिए। इसके अलावा, डीजीए–चएस की डॉ. सुनीता शर्मा द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि लोगों को डॉक्टरों के नुस्खों के पालन के प्रति भी संवेदनशील बनाया जा सकता है। इसमें बच्चों के लिए कफ सिरप के विवेकपूर्ण नुस्खे पर ज़ोर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि बच्चों में गंभीर खांसी की बीमारियां अधिकतर स्वतः ही ठीक हो जाती हैं और अक्सर दवाइयों के बिना ठीक हो जाती हैं। इस परामर्श में सभी स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और नैदानिक इकाइयों को कहा गया है कि वे ठीक से तैयार उत्पादों की खरीद और वितरण सुनिश्चित करें।

## भारतीय न्याय व्यवस्था कानून के शासन से संचालित होती है, बुलडोजर शासन से नहीं : प्रधान न्यायाधीश

**नयी दिल्ली :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है। मॉरीशस में ''सबसे बड़े लोकतंत्र में कानून का शासन'' विषय पर सर मौरिस रॉल्ट स्मृति व्याख्यान 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने 'बुलडोजर न्याय' की निंदा करने वाले अपने ही फैसले का उल्लेख किया। प्रख्यात न्यायविद सर मौरिस रॉल्ट 1978 से 1982 तक मॉरीशस के प्रधान न्यायाधीश थे। कानून के शासन का सिद्धांत और भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा उसकी व्यापक व्याख्या पर प्रकाश डालते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा, इस फैसले ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है।'

# पीओके में प्रदर्शनों पर कार्रवाई को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा, पाक को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए



**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के लिए पड़ोसी देश की आलोचना की और कहा कि उसके ''घोर'' मानवाधिकार हनन के लिए उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पिछले कुछ दिनों में पीओके में हुए विरोध प्रदर्शनों और हिंसक झड़पों के दौरान कम से कम 10 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारी मौलिक अधिकारों को बरकरार रखने, न्याय प्रदान करने तथा उत्पीड़न के खात्मे की मांग कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिसमें निर्दोष नागरिकों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बर्बरता भी शामिल है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैया और इन क्षेत्रों से संसाधनों की लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। जायसवाल अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को उसके घोर मानवाधिकार हनन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। जायसवाल ने कहा कि जम्मू, कश्मीर और लद्दाख हमेशा से भारत का ''अभिन्न अंग'' रहे हैं और रहेंगे। शुक्रवार को, पाकिस्तान सरकार द्वारा नियुक्त वार्ताकारों के एक समूह ने जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। जेएएसी और संघीय तथा पीओके सरकारों के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता पिछले सप्ताह विफल हो गई। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने कहा है कि वह पीओके में ''जारी हिंसा से बेहद चिंतित'' है।

## भारत ने झड़पों के संबंध में बांग्लादेशी अधिकारी के दावे को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वरिष्ठ बांग्लादेशी अधिकारी के उस दावे को झूठा और निराधार करार दिया कि बांग्लादेश में हुई हिंसक झड़पों में भारत संलिप्त है। पिछले हफ़्ते बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी क्षेत्र के खगराछारी ज़िले में हुई झड़पों के बाद, 'गृह मंत्री' जहाँगीर आलम चौधरी ने आरोप लगाया कि भारत अशांति को बढ़ावा दे रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत इन झूठे और निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करता है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में कानून–व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ अंतरिम सरकार नियमित रूप से अपना दोष किसी और पर मढ़ने की कोशिश करती रही है। जायसवाल साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान चौधरी की टिप्पणी को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे।



## ऑनलाइन सेवाओं हेतु जागरूक करना जरूरी

कैसी विडंबना है कि भोले-भाले लोगों से छल करके खून-पसीने से हासिल जीवनभर की पूंजी ऑनलाइन डकैती में लूट ली जाती है। जिसकी वापसी के लिए तंत्र की कोई जवाबदेही और कानून-व्यवस्था से कोई गारंटी सुनिश्चित नहीं है। जब तंत्र लगातार ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग के लिये प्रेरित करता है तो उसे जनधन की सुरक्षा की गारंटी भी सुनिश्चित करनी चाहिए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी द्वारा जारी हालिया आंकड़े इस संकटपूर्ण स्थिति का खुलासा करते हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट खुलासा करती है कि वर्ष 2023 में साइबर क्राइम की घटनाओं में 31.2 प्रतिशत की तेज वृद्धि देखी गई है। जिसके आने वाले वर्षों में और अधिक होने की आशंका जतायी जा रही है। जो इस बात का प्रमाण है कि ऑनलाइन धोखाधड़ी से निबटना अब दिन-प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है। निश्चित रूप से साइबर क्राइम से जुड़े अपराधों के आंकड़े जुटाने की एनसीआरबी की पहल महत्वपूर्ण है, जो इस संकट से निबटने की अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि हम इन अपराधों से निबटने के लिये कैसे रणनीति बनाते हैं। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है कि कैसे वे साइबर अपराधियों के संजाल में फंसने से बच सकते हैं। यूं तो डेटा सुरक्षा के लिये तमाम दिशा-निर्देश सरकार के विभिन्न संगठनों की तरफ से दिए जाते हैं, लेकिन आज भी पुरानी पीढ़ी के तमाम लोग ऐसे हैं जो ऑनलाइन सुविधाओं के उपयोग को लेकर पर्याप्त रूप से साक्षर नहीं होते। ऐसे में लोगों को जागरूक करना जरूरी है कि दैनिक जीवन में ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करते हुए अपने गोपनीय डेटा की सुरक्षा कैसे करें। लेकिन विडंबना यह है कि साइबर अपराधी नित नए तौर-तरीकों से लोगों को लूटने लगते हैं। कुछ समय पहले साइबर लुटेरों ने स्पूफिंग तकनीक से लोगों को शिकार बनाना शुरू किया। वे सोशल मीडिया अकाउंट में घुसपैठ करके धन की उगाही करने लगते। व्यक्ति को संकट में दिखाकर उसके रिश्तेदारों से धन ऐंठने लगते।

विडंबना यह है कि साइबर ठगी की तकनीक उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबरों और ई-मेल खातों तक भी पहुंच गई। दरअसल, कभी हैकिंग, तो कभी स्पूफिंग के कपटपूर्ण छल का मकसद लोगों की जमा-पूंजी को निशाना बनाना ही रहा है। दरअसल, जब तक लोग ठगी के इन तौर-तरीकों को समझ पाते, साइबर ठग नई तकनीक के सहारे लोगों को भ्रमित कर चूना लगाने की नई कोशिश में लग जाते हैं। ऐसे में साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच सवाल उठता है कि हमारा तंत्र इन घटनाओं में पर प्रभावी रोक लगाने में कामयाब क्यों नहीं हो पाता। आखिर फोन व कंप्यूटर में मजबूत एंटी वायरस और इंटरनेट सुरक्षा सॉफ्टवेयर क्यों कामयाब नहीं होते। आखिर क्यों साइबर घुसपैठ के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती। इन पर रोक के लिये कोई कारगर व्यवस्था व मैकेनिज्म क्यों नहीं बन पा रहा है। दूरसंचार नियामक ट्राई की अपनी सीमाएं हैं। संकट यह भी है कि ज्यादातर साइबर अपराध की घटनाएं प्रॉक्सी यानी छद्म सर्वर या फिर वीपीएन यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिये अंजाम दी जाती हैं। ज्यादातर अपराध भारत के बाहर से संचालित होते हैं। यही वजह है कि जालसाज विदेश में बैठकर भी भारत के अपराधियों की मदद से धोखाधड़ी का नेटवर्क बना लते हैं। इससे वे भारतीय नागरिकों को चपत लगाने में सफल हो जाते हैं। निस्संदेह, ऐसे मामलों में व्यक्तिगत सावधानी और सजगता-सतर्कता मददगार साबित हो सकती है। खासकर इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग करते वक्त अतिरिक्त सावधानी से ऐसी धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। लोगों को याद रखना चाहिए कि कभी बैंक का कोई अधिकारी खाताधारक से निजी व गोपनीय जानकारी नहीं पूछता है। वो कभी फोन व ई-मेल से ऐसी जानकारी नहीं मांगता है। इसलिए जरूरी है कि यदि कोई व्यक्ति बैंक खाते की सुरक्षा से जुड़े पासवर्ड,पिन, सीवीवी तथा खाता नंबर की जानकारी मेल या फोन से मांगता है तो उसे नजरअंदाज करना चाहिए। ऐसी ही सावधानी हाऊस अरेस्ट के मामलों में भी बरतनी चाहिए। साथ ही असली-नकली वेबसाइट की सावधानी से जांच करनी चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 अक्टूबर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष द्वादशी, 17:03 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 08:58 तक, योग : शुला, 19:18 तक, सूर्योदय: 5:29, सूर्यास्त: 17:21, चन्द्रोदय : 15:29, चन्द्रास्त: 02:19, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 08:28 से 09:56

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन मेष जातकों के लिए भाग्य वृद्धि का संकेत दे रहा है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापारियों को बड़ा सौदा हाथ लग सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों को आज धैर्य और संयम से कार्य करने की आवश्यकता है। खर्च बढ़ सकते हैं लेकिन आय भी अच्छी होगी। नए निवेश के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को आज कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों के लिए सफलता का दिन है। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। कार्यस्थल पर तनाव रह सकता है। परिवार के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन भाग्यशाली रहेगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को आज कड़ी मेहनत का फल मिलेगा। व्यापारियों के लिए लाभकारी दिन रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**तुला :** तुला राशि वालों को आज मानसिक शांति प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन मध्यम रहेगा। कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार में उतार-चढ़ाव रहेंगे।

**धनु :** धनु राशि वालों को आज भाग्य का साथ मिलेगा। लंबे समय से रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा। व्यवसाय में लाभ होगा। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के संकेत हैं।

**मकर :** मकर राशि वालों को आज मेहनत के अनुरूप सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं। नौकरीपेशा जातकों को नए अवसर प्राप्त होंगे। व्यापारियों को लाभ होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को आज जीवन में नई दिशा मिलेगी। नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो समय अनुकूल है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। व्यापारियों को बड़ा लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

# राष्ट्र साधना के 100 वर्ष : संघ की शताब्दी पर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता संकल्प



श्री नरेंद्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री



100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था,जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ये हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्शपरम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं।जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है।जिस तरह एक नदी कई धाराओं में ख़ुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है।संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है।विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है....राष्ट्र प्रथम

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएंव्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं।

राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ जब से अस्तित्व में आयासंघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आज़ादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहाउनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा हैसमाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना...ये हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं।

अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगायास्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है..जो दुर्गम हैंजहाँ पहुँचना सबसे कठिन है।संघ...दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है...अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती...विद्या भारती, एकल विद्यालय...वनवासी कल्याण आश्रम...आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं।

समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियाँ हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, ये हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। ये एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर न हिन्दू पतितो भवेत' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे-छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया। वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है।

जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड़यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ये खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण ये संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं।

स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामाजिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है।देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुये आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है।

अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विकसित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुन: प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# आरएसएस: सेवा, त्याग और राष्ट्र निर्माण की शताब्दी यात्रा



राजनाथ सिंह
केन्द्रीय रक्षा मंत्री

27 सितंबर 1925 को जब डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना की थी, तब शायद ही किसी ने ऐसा सोचा होगा कि आगामी सौ वर्षों में यह संगठन इतना विशाल और प्रभावशाली बन जाएगा। बीते दस दशकों में आरएसएस ने भारत की सामाजिक बुनियाद को मजबूत किया है, उसकी संप्रभुता की रक्षा की है, कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया है और भारतीय सभ्यता के मूल्यों को संजोए रखा है। वर्तमान में आरएसएस निःस्वार्थ सेवा का जीवंत प्रतीक बन गया है। आरएसएस के शताब्दी उत्सव के अवसर पर, उसकी यात्रा को पुनः याद करना उचित भी है और आवश्यक भी।

हाल ही में दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में सरसंघचालक श्री मोहन भागवत ने संघ के समावेशी विचारों पर चर्चा करते हुए कहा धर्म व्यक्तिगत पसंद का विषय है; इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जोर-जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। यह वक्तव्य संघ की मूल विचारधारा को प्रतिबिंबित करता है कि समाज में टकराव नहीं, सामंजस्य हो ; बिखराव नहीं, एकता हो और केवल भौतिक वस्तुओं की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन की सार्थकता पर बल हो। आज भी संघ की दैनिक शाखाएँ और स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए कार्यक्रम; अनुशासन, आत्मबल और भारतीय संस्कृति पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं जिससे श्रेष्ठ भारत के निर्माण का मार्ग सुगम होता हैं।

इसलिए यह अत्यंत स्वाभाविक बात है कि संघ के अनुकरणीय योगदान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से संघ को दुनिया का सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बताया और देशवासियों को संघ की सौ साल की भव्य, प्रेरणादायक और समर्पित यात्रा के बारे में याद दिलाया।

वर्ष 1947 में जब भारत स्वतंत्रता का उत्सव माना रहा था तब विभाजन की त्रासदी की वजह से बहुत जनहानि हुई थी और लाखों लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा था। ऐसी भीषण परिस्थिति में आरएसएस के स्वयंसेवक एक अनुशासित, संगठित और निःस्वार्थ सेवकों के रूप में सामने आए। उन्होंने हिंसा से प्रभावित लोगों को सुरक्षा प्रदान करने और चिकित्सा उपलब्ध कराने के साथ विस्थापित लोगों के पुनर्वास में अनन्य योगदान दिया। विभाजन से पहले भी आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक श्री गुरुजी (एम.एस. गोलवलकर) और संघ के कई वरिष्ठ नेताओं ने पंजाब के विभिन्न हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया था और उन्होंने वहाँ के लोगों को आत्मरक्षा और राहत कार्यों के लिए संगठित किया था। इस दौरान संघ की भूमिका का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तत्कालीन हालात से घबराये कांग्रेसी नेताओं को भी अपने परिवारों और समुदाय की रक्षा के लिए संघ की मदद लेनी पड़ी थी। स्वयंसेवकों की सेवा के कारण ही द ट्रिब्यून अख़बार ने अपनी एक रिपोर्ट **में आरएसएस को द स्वार्ड आर्म आफ पंजाब कहा था।**

संघ द्वारा समाज-सेवा का कार्य विभाजन के बाद भी अनवरत जारी रहा । 1984 में जब सिख विरोधी दंगे भड़काए गए और हजारों सिखों की हत्या की गई, तब भी संघ स्वयंसेवक सिखों की रक्षा और राहत कार्यों के लिए सबसे आगे थे। लेखक खुशवंत सिंह ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा है कि श्रीमति इंदिरा गांधी की हत्या के बाद में हिंदू-सिख एकता बनाए रखने में आरएसएस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संघ के कार्यों को देखकर यह बात आसानी से कही जा सकती है कि कुछ लोगों द्वारा आरएसएस पर बहुसंख्यकवादी संगठन होने का आरोप लगाना बिल्कुल निराधार और गलत है। स्वतंत्रता के समय भी संघ ने भारत के अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की रक्षा में मदद की थी। मार्च 1947 में, जब मुस्लिम लीग द्वारा उकसाई गई भीड़ श्री हरमंदिर साहिब की ओर बढ़ी, तो तलवारों और लाठियों से लैस आरएसएस के स्वयंसेवकों ने न केवल उसका सामना किया बल्कि उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। तीन दिन बाद, जब एक और सुनियोजित हमला श्री हरमंदिर साहिब पर करने का प्रयास किया गया था, तब आरएसएस के स्वयंसेवकों ने एक मानव घेरा बनाकर गुरुद्वारे की रक्षा की थी और हमलावरों को सफलतापूर्वक खदेड़ भगाया था।

भारत के एकीकरण में संघ के योगदान से भी बहुत लोग अवगत नहीं हैं। कश्मीर से गोवा और दादरा नगर हवेली तक, संघ ने भारत की अखंडता को बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाई है। जब पाकिस्तान समर्थित कबायली हमलावरों ने जम्मू-कश्मीर पर आक्रमण किया, तो सरदार वल्लभभाई पटेल ने महाराजा हरि सिंह को विलय के लिए राजी करने हेतु श्री गुरुजी की मदद मांगी थी। इसके बाद श्री गुरुजी श्रीनगर गए और उन्होंने हरि सिंह को तत्काल विलय करने के लिए मनाने का प्रयास किया था। आरएसएस स्वयंसेवकों ने 1947-48 के युद्ध के दौरान सेना की सहायता भी की थी। साथ ही मीरपुर और मुजफ्फराबाद जैसे क्षेत्रों से भाग रहे शरणार्थियों के लिए राहत कार्यों की व्यवस्था भी संभाली थी।

1954 में स्वयंसेवकों ने दादरा और नगर हवेली को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने में अग्रणी भूमिका निभाई। के.आर. मलकानी की पुस्तक दी आरएसएस स्टोरी के अनुसार-2 अगस्त 1954 को लगभग 200 आरएसएस स्वयंसेवकों ने, नाना काजरेकर और सुधीर फड़के के नेतृत्व में, दादरा और नगर हवेली को आज़ाद कराया। उन्होंने राइफ़ल, ब्रेन गन और स्टेन गन से लैस 175 पुर्तगाली सैनिकों को खदेड़ दिया। इसी तरह, गोवा की आज़ादी के लिए आरएसएस ने भूमिगत स्वतंत्रता आंदोलनों में भाग लिया था। पुर्तगाली सैनिकों की गोलीबारी में कई स्वयंसेवकों ने अपने प्राण न्योछावर भी किए। उनका बलिदान गोवा के भारत-विलय में निर्णायक साबित हुआ।

इस प्रकार, आरएसएस ने हमेशा भारत को मजबूत करने के लिए कार्य किया है। 1975 के दौरान, संघ ने आपातकाल का मज़बूती से विरोध किया था। इसके खिलाफ लाखों स्वयंसेवक संगठित होकर भारत के संविधान की रक्षा के लिए खड़े हो गए। जनवरी 1976 में द इकोनॉमिस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा था -इस आंदोलन की मुख्य ताक़त जनसंघ और उससे जुड़ा संगठन आरएसएस है।

यह वह समय था, जब लोगों और संस्थाओ को केवल झुकने को कहा जाता था तो वे रेंगने के लिए तैयार थे। इन परिस्थितियों में आरएसएस ने अपने दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। उसके असंख्य कार्यकर्ता तानाशाही के ख़िलाफ़ बिना डरे खड़े हुए और लोगों को एक लोकतांत्रिक विकल्प प्रदान करने के लिए काम किया। यह संघ के लोकतंत्र के प्रति संकल्प का प्रमाण है।

आरएसएस संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध है। वनवासी और हाशिए के समुदायों के उत्थान के लिए, आरएसएस के द्वारा किए जा रहे कार्यों से यह बात पूर्णतया सिद्ध होती है। वर्ष 1952 में स्थापित, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, आज देश का सबसे बड़ा आदिवासी कल्याण संगठन है। वर्तमान में यह संगठन देश के 323 ज़िलों की लगभग 52,000 बस्तियों और गाँवों में 20,000 से अधिक परियोजनाएँ चला रहा है। इन परियोजनाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। आरएसएस का दृष्टिकोण हमेशा वनवासी समाज को उनकी पहचान के साथ राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने और उनका आत्मगौरव बढ़ाने का रहा है।

आरएसएस को महात्मा गांधी जी के नाम पर भी अक्सर निशाना बनाया जाता है। हालांकि महात्मा गांधी और आरएसएस के बीच कुछ वैचारिक मतभेद अवश्य रहे, लेकिन कभी मनभेद या वैमनस्य का भाव नहीं रहा।। महात्मा गाँधी ने कई अवसरों पर संघ के अनुशासन और राष्ट्र सेवा की प्रशंसा की है। वर्ष 1934 में गांधीजी ने वर्धा में आरएसएस के एक शिविर का दौरा भी किया था जहां उन्होंने संघ के अनुशासन, अस्पृश्यता के पूर्ण अभाव और उच्च सादगी की सराहना की थी। विभाजन की त्रासदी के दौरान, 16 सितंबर 1947 को, गांधीजी ने दिल्ली में आरएसएस की एक सभा को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने संघ की सेवा एवं बलिदान की भावना की प्रशंसा की थी। 30 जनवरी 1948 को गांधीजी की हत्या के बाद, आरएसएस ने श्रद्धांजलि स्वरूप अपनी सभी शाखाएँ 13 दिनों के लिए स्थगित कर दीं थी। ऐसा संघ के इतिहास में सिर्फ एक बार हुआ है। यह बातें दोनों की ओर से एक दूसरे के प्रति पारस्परिक सम्मान होने की गवाही देती हैं।

इस प्रकार, आरएसएस ने विचारों की विविधता का हमेशा सम्मान किया है। यह बात संघ के देशव्यापी और खासकर पूर्वोत्तर भारत में किए जा रहे कार्यों से भी प्रदर्शित होती है। उपनिवेशवाद के दौरान हुए कुशासन और आजादी के बाद नीतिगत उपेक्षा के कारण पूर्वोत्तर भारत और वहाँ के लोग अलगाववाद और उग्रवाद से जूझते रहे। लेकिन आरएसएस ने 1946 में गुवाहाटी में पहली शाखा स्थापित की और तब से इस क्षेत्र को राष्ट्रीय धारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बहुत सी चुनौतियों के बीच, यहाँ संघ ने विद्यालयों, स्वास्थ्य शिविरों, आपदा राहत कार्यों और सामुदायिक निर्माण जैसे कार्यों के ज़रिए सामाजिक पूंजी को बढ़ाया है और लोगों के बीच विश्वास कायम किया है।

आज जब आरएसएस एक सदी की सफल यात्रा पूर्ण कर रहा है, यह बात कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राष्ट्र निर्माण में उसका योगदान अप्रतिम और अतुलनीय है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी संघ और उसके स्वयंसेवकों ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उदाहरण के लिए मई 2021 में लगभग 300 स्वयंसेवकों ने कोलार में लंबे समय से बंद पड़े एक अस्पताल को मात्र दो सप्ताह में फिर से शुरू किया जिससे अनेकों लोगों को अत्यंत आवश्यक राहत मिली। ऐसे कार्य दर्शाते हैं कि एक सदी बाद भी आरएसएस उसी भाव और समर्पण के साथ मानवता और देश की सेवा कर रहा है, जिसके साथ इसकी नींव एक शताब्दी पहले रखी गई थी।

## वर्ग पहेली नं. 3223

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | | | | ■ | 16 | 17 | | | ■ |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | | 23 | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | |
| | ■ | 27 | | | | ■ | | ■ | |
| 28 | | | ■ | ■ | 29 | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) संदेश, 3) नाकामयाब, 7) रज़ामंद, 8) बादलों की घेरघार, 9) अनूठा, 11) गूढ़, 13) शांतिकाल, 15) सुलह, 16) रोज़ा काल, 18) सौन्दर्य, 20) निर्णीत, 22) सुस्ती, 24) निश्चल दृष्टि, 26) दंगाफ़साद, 27) उलटा, 28) चोखा *(बैंगन का),* 29) मज़बूर.

*ऊपर से नीचे:-* 2) समस्या; विषय, 3) चिरजीवी, 4) एक संख्या, 5) छोटा, 6) बाधा, 10) राजप्रासाद, 12) कटिबद्ध; यात्री, 13) अजायबख़ाना, 14) इच्छा; जी, 17) *वोट;* ख़्याल, 19) रेल का मार्ग, 21) ऋण चुकाने में असमर्थ, 22) श्रीगणेश; आदि, 23) सूर्य, 25) फाँक.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | यो | ध | न | ■ | प्र | भा | त | ■ | फ़ |
| प्र | ■ | ■ | य | था | यो | ग्य | ■ | अ | र्ज़ |
| सि | ह | र | न | ■ | ज | ■ | ब | ल | ■ |
| द्ध | ■ | सा | ■ | ■ | न | ट | ना | ग | र |
| ■ | को | ल | का | ता | ■ | न | व | ■ | ज |
| गौ | र | ■ | ■ | मी | ल | ■ | ट | ह | नी |
| ■ | क | ट | ह | ल | ■ | टो | ■ | थि | ■ |
| को | स | ■ | सी | ■ | छी | टा | ■ | या | नी |
| ■ | र | च | ना | त्म | क | ■ | प | र | चा |

## सुडोकू-पहेली-3180

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | | 3 |
| 9 | | 2 | 1 | | | | 4 | |
| | | 8 | | | | | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 8 | | | | 2 | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | 2 |
| | | 4 | | | | 1 | 6 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3179 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 | 8 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 |
| 6 | 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 5 | 3 | 6 | 4 | 8 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |

# कल रेड रोड पर मेगा पूजा कार्निवल, 90 से अधिक पूजा किए जाएंगे प्रदर्शित



❑ **आज जिलों में पूजा कार्निवल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में दुर्गा पूजा भले ही समाप्त हो गयी है, लेकिन उत्सव का माहौल अभी भी बना हुआ है। राज्य सरकार की ओर से कल पूजा कार्निवल का आयोजन किया जायेगा। इससे पहले, शनिवार को राज्य के सभी जिलों में पूजा कार्निवल का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर शुक्रवार को राज्य के मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की और कार्निवल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौंबद रखने का निर्देश दिया। बता दें कि कार्निवल में महानगर के नामी पूजा पंडाल के आयोजक अपने थीम के साथ बंगाल की संस्कृति की झांकी प्रस्तुत करते हैं। इस साल पूजा कार्निवल में 90 से अधिक पूजा आयोजक भाग ले रहे हैं। इस आयोजन के लिए पूरे रेड रोड को सजाया जा रहा है।

राज्य सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, इस कार्निवल में राज्य के साथ-साथ विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। मंच से इतर रेड रोड के दोनों किनारे पर करीब 20 हजार लोगों के बैठने का इंतजाम किया गया है। वहीं, मंच पर 1500 अतिथियों की बैठने की व्यवस्था की गयी है। कार्निवल में शिरकत करने के लिए औद्योगिक, कला, साहित्य, खेल, राजनीति, सामाजिक, टॉलीवुड की नामचीन हस्तियों के अलावा, राज्य के मंत्री, अधिकारी व विदेशी प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं। दर्शकों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए राज्य सरकार ने कार्निवल जोन का विस्तार किया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस उत्सव को देख सकें।

## पूजा कार्निवल के दिन महानगर में कई मार्गों पर ट्रैफिक प्रतिबंध

दुर्गा पूजा के समापन पर होने वाले पूजा कार्निवल को देखते हुए कल कोलकाता पुलिस ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने का आदेश जारी किया है। पुलिस ने कहा कि श्रद्धालुओं और आम जनता की सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए कई मुख्य मार्गों पर वाहनों की आवाजाही सीमित या पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस के अनुसार, प्रतिमा विसर्जन करने वाले वाहनों को छोड़कर सभी मालवाहक वाहनों की आवाजाही दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रतिबंधित रहेगी। यह रोक एजेसी बोस रोड (एक्साइड क्रॉसिंग से हेस्टिंग्स क्रॉसिंग तक), न्यू रोड, डफरिन रोड, लवर्स लेन और रेड रोड पर लागू होगी। यह नियम लक्ष्मी पूजा तक जारी रहेगा। हेस्टिंग्स से लवर्स लेन तक खिदिरपुर रोड दोपहर 2 बजे से सामान्य वाहनों के लिए पूरी तरह बंद रहेगी। हॉस्पिटल रोड (नॉर्थ बाउंड), जो एजेसी बोस रोड से जुड़ता है, पर दोपहर 2 बजे से केवल पूजा कार्निवाल से जुड़े वाहनों की आवाजाही होगी। मेयो रोड पर जेएल नेहरू रोड क्रॉसिंग से केवल स्टिकर लगे वाहनों को प्रवेश मिलेगा। पूजा कार्निवाल के दौरान दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक रेड रोड, लवर्स लेन, क्वीनस्वे, प्लासी गेट रोड और एस्प्लानेड रैम्प पूरी तरह बंद रहेंगी। रेड रोड पर 4 और 5 अक्टूबर की रात 12 बजे से 5 अक्टूबर की सुबह 9 बजे तक सभी तरह का यातायात बंद रहेगा। इसके बाद, सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक सीमित संख्या में वाहन नियंत्रित ढंग से चल सकेंगे। दोपहर 2 बजे के बाद सड़क पूरी तरह केवल पूजा कार्निवाल के लिए इस्तेमाल होगी। दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक कई महत्वपूर्ण सड़कों पर पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। इनमें गवर्नमेंट प्लेस (आरआर एवेन्यू से एस्प्लानेड रोड वेस्ट तक), चौरंगी रोड, जेएल नेहरू रोड, कैथेड्रल रोड, क्वीनस्वे, मेयो रोड, स्ट्रैंड रोड, बेंटिंक स्ट्रीट (सीआर एवेन्यू से जीसी एवेन्यू तक), आरएन मुखर्जी रोड (दोनों ओर), हेयर स्ट्रीट और ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट (जीपी नॉर्थ से लार्किन लेन तक) शामिल हैं।

# कोलकाता में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू, घाटों पर सुरक्षा कड़ी



**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा की बड़ी सामुदायिक प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार की शाम से शुरू हो गया है। गुरुवार को दशहरा के दिन बारिश की वजह से विसर्जन की रफ्तार धीमी रही थी, लेकिन अब भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए पुलिस ने शहर के सभी घाटों और जुलूस मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था और सख़्त कर दी है। कोलकाता पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गुरुवार को ज्यादातर हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, व्यक्तिगत पूजा समितियों और कुछ परंपरागत आयोजकों ने ही प्रतिमा विसर्जन किया था। वहीं, शुक्रवार और शनिवार को बड़े सामुदायिक पूजा आयोजनों की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला तेजी से होगा। शहर में इस साल करीब तीन हजार 500 पूजा आयोजित हुई हैं, जिनमें अधिकांश सामुदायिक स्तर पर हैं।

पुलिस का अनुमान है कि इनका विसर्जन मुख्य रूप से शुक्रवार और शनिवार को पूरा हो जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस ने 28 विसर्जन घाटों और करीब 200 जुलूस मार्गों पर अतिरिक्त बल तैनात किया है। हर घाट पर एक-एक आपदा प्रबंधन टीम मौजूद रहेगी। साथ ही, रिवर ट्रैफिक पुलिस को भी निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। ड्रोन और अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों से विसर्जन प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। भीड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए विसर्जन जुलूसों में डीजे के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है।

### 2026 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर तृणमूल का राज्यव्यापी विजय सम्मेलन अभियान

**कोलकाता :** 2026 के विधानसभा चुनाव को सामने रखकर तृणमूल कांग्रेस ने राज्यभर में जनता से सीधे जुड़ने की रणनीति बनाई है। इसी क्रम में पार्टी विजयादशमी के अवसर पर विजया सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत आगामी 5 अक्टूबर, रविवार से होगी और राज्य के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर इसका आयोजन किया जाएगा। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, इस अभियान की घोषणा पार्टी के सर्वभारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने की है। कार्यक्रमों में पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री, छात्र नेता समेत करीब 50 से अधिक नेता भाग लेंगे। वे राज्य के विभिन्न इलाकों का दौरा करेंगे और आम जनता से संवाद स्थापित करेंगे। पार्टी का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से संगठन और जनाधार मजबूत होगा तथा 2026 के चुनावी तैयारी को गति मिलेगी।

# दुर्गोत्सव पर महानगर से विभिन्न मामलों में 475 गिरफ्तार

❑ **चतुर्थी से महानवमी तक कानून को ठेंगा दिखाने पर 8,277 मामले दर्ज**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बीते चार दिनों तक दुर्गा पूजा पर कोलकाता की सड़कों पर दर्शनार्थियों का सैलाब उमड़ता रहा। दुर्गा पूजा मण्डपों में उमड़ी भीड़ को सम्भालने में पुलिस व सिविक वॉलंटियरों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। वहीं, कथित मजनुओं पर पुलिस की गाज गिरती रही तो मनचलों व बदमाशों की गिरफ्तारी भी पूरे महानगर में जगह जगह पुलिस करती रही। महानगर में दुर्गा माता की प्रतिमाओं के दर्शन के लिये बनाये गये बांस के बैरीकेडों में अंधेरे का फायदा उठाकर मनचले व कथित मजनु लड़कियों से छेड़छाड़ करते रहे तो तैनात महिला पुलिस व कार्यरत पुलिस कर्मी मजनुओं को सबक भी सिखाते देखे गये। इधर, कोलकाता पुलिस लालबाजार मुख्यालय ने बताया कि कोलकाता पुलिस ने दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान कानून का उल्लंघन करने के आरोप में महाचतुर्थी से महाअष्टमी तक कुल 348 लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि, विभिन्न आरोपों में 6,284 लोगों पर मामला दर्ज किया है। महानवमी तक 127 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कोलकाता पुलिस ने विभिन्न यातायात उल्लंघनों, जैसे बिना हेलमेट के वाहन चलाना सहित विभिन्न मामलों में 1,993 लोगों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि महानवमी के दिन तीन लोगों को लेकर बाइक चलाने के आरोप में 353, बिना हेलमेट के 1089, नशे में वाहन चलाने में 167, लापरवाही व खतरनाक तौर पर वाहन चलाने में 177 व अन्य आरोपों में 207 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कोलकाता पुलिस मुख्यालय के अनुसार, महाचतुर्थी से महानवमी तक पुलिस ने कोलकाता में कुल 475 लोगों को गिरफ्तार किया है और विभिन्न आरोप में 8,277 मामले दर्ज किए गए है। खबर लिखे जाने तक कई लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है, लेकिन कुल कितने लोग गिरफ्तार किये गये हैं, इसकी सटीक जानकारी नहीं मिल सकी थी।

# कार्निवाल के दिन ही मोमबत्ती मार्च की मंजूरी, लेकिन शर्तों के साथ... हाईकोर्ट का निर्देश



**कोलकाता :** शहर में बिजली के करंट से 12 लोगों की मौत की घटना के विरोध में निकाले जाने वाले मोमबत्ती मार्च को लेकर शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया। न्यायमूर्ति विश्वरूप चौधरी ने कहा कि 5 अक्टूबर को जुलूस निकलेगा, लेकिन यह कई शर्तों के साथ ही संभव होगा।

खोला हवा संगठन की ओर से अधिवक्ता बिल्दबल भट्टाचार्य ने अदालत में कहा, 23 सितंबर को जलजमाव के कारण 12 आम नागरिकों की मौत हुई। उसके विरोध में हम 5 अक्टूबर को कॉलेज स्क्वायर से डोरिना क्रॉसिंग तक एक मोमबत्ती जुलूस करना चाहते हैं। इसमें लगभग 5 हजार लोग शामिल होंगे।'' उन्होंने यह भी दलील दी कि चूंकि सेंट्रल एवेन्यू एक चौड़ी सड़क है, इसलिए एक ओर से जुलूस होने पर कोई दिक्कत नहीं होगी।

राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता कल्याण बंद्योपाध्याय ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, यह संगठन असल में राजनीतिक है। इसमें शुभेंदु अधिकारी और शंकुदेव पांडा जैसे भाजपा नेता शामिल हैं। असली मकसद सरकारी कार्निवाल के खिलाफ राजनीतिक संदेश देना है। यह जुलूस 4 या 6 अक्टूबर को भी निकाला जा सकता था।

उन्होंने आगे दलील दी कि 5 अक्टूबर को दुर्गा पूजा कार्निवाल में 117 क्लब हिस्सा लेंगे, जिनमें 56 उत्तर कोलकाता से हैं। साथ ही उसी दिन विसर्जन का आखिरी दिन है। ऐसे में जुलूस होने से प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया प्रभावित होगी।

दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति विश्वरूप चौधरी ने कहा, कार्निवाल निस्संदेह महत्वपूर्ण है, लेकिन 12 लोगों की मौत एक बेहद दुखद घटना है। इसलिए मूक मार्च की अनुमति दी जाती है।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि जुलूस कॉलेज स्क्वायर और मोहम्मद अली पार्क की प्रतिमाओं के निकलने के बाद ही शुरू हो सकेगा। साथ ही 5 हजार नहीं, बल्कि अधिकतम 3 हजार लोग ही इसमें शामिल हो पाएंगे। मार्च के समय और मार्ग का निर्धारण कोलकाता पुलिस करेगी।

# डीवीसी को लेकर राज्य सरकार का सख्त रुख, नवान्न से जारी हुआ निर्देश



**कोलकाता :** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) द्वारा लगभग 69 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद आगामी दो से तीन दिनों में दक्षिण बंगाल के जिलों पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है। इस संभावित स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने डीवीसी को कड़ा पत्र भेजा है और नवान्न से कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे से करीब आधे घंटे तक मुख्य सचिव मनोज पंत ने दक्षिण बंगाल के सभी जिलाशासकों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में साफ आदेश दिया गया कि ज़रूरत पड़ने पर 24 घंटे कंट्रोल रूम संचालित किया जाए। इसके अलावा पहले से फ्लड शेल्टर तैयार रखने और नदी बांधों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जहां-जहां मरम्मत की ज़रूरत है, वहां तुरंत कदम उठाने को कहा गया।

मुख्य सचिव ने उत्तर बंगाल के ज़िलों को भी सतर्क किया है, क्योंकि वहां भारी बारिश का पूर्वानुमान है। विशेषकर अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन को अलग से निर्देश दिए गए हैं कि एसडीओ और बीडीओ कार्यालयों में 24 घंटे कंट्रोल रूम चालू रखा जाए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नदी बांधों पर सतत निगरानी रखने और किसी भी मरम्मत कार्य को तुरंत पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि केवल बाढ़ और आपदा प्रबंधन पर ही नहीं, बल्कि दुर्गापूजा कार्निवाल के सुचारू संचालन पर भी पूरा ध्यान देना होगा। इस संदर्भ में हर जिलाशासक को विशेष सतर्क रहने को कहा गया है।

# अशोकनगर में अज्ञात युवती का रक्तरंजित शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर में दशमी की सुबह सड़क किनारे झाड़ियों से एक अज्ञात युवती का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। शव के सिर और शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए हैं। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवती की मौत दुर्घटना में हुई या हत्या की गई। हालांकि, पुलिस की प्रारंभिक आशंका है कि सड़क दुर्घटना में युवती की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह करीब 6.30 बजे अशोकनगर पांच नंबर मोड़ इलाके के जेसोर रोड के पास स्थानीय लोगों ने झाड़ियों में शव देखा। तुरंत पुलिस को खबर दी गई। मृत युवती की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थानीय लोगों से पूछताछ और घटनास्थल की स्थिति देखकर प्रारंभिक अनुमान है कि युवती की मौत सड़क दुर्घटना में हुई होगी। हालांकि, जांच अधिकारी अन्य सभी पहलुओं को भी खंगाल रहे हैं।

## पूजा विसर्जन के दौरान हादसा, हाईट बार के धक्के से बेहाला के युवक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूजा की समाप्ति के बाद कोलकाता में एक दुखद हादसा हुआ। विसर्जन के लिए जाते समय गुरुवार की रात बेहाला के एक युवक की मौत हो गई। पता चला है कि पूजा आयोजक बेहाला से मूर्ति विसर्जन के लिए निकले थे। युवक मूर्ति के साथ ट्रक में था। वह अलीपुर चिड़ियाघर के पास एक ऊंचे बार से टकरा गया। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, उसे बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उत्सव चट्टोपाध्याय के रूप में की गई है। वह बेहाला सेनहाटी संतरापाड़ा की पूजा समिति का सदस्य था। वह पेशे से ड्रमर था। बताया गया है कि वह गुरुवार को इसी पूजा की मूर्ति के विसर्जन के लिए गया था। वह मूर्ति के साथ उसी लॉरी में सवार हो गया। लॉरी अलीपुर चिड़ियाघर के सामने पुल के ऊंचे बार से टकरा गई। उत्सव लॉरी से गिर गया। उसे तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विसर्जन के दौरान उत्सव के साथ मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि अलीपुर के पास उस जगह पर पर्याप्त रोशनी नहीं थी। अगर होती तो यह हादसा टल सकता था। हालांकि, अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# कुछ सेकंड के तूफान से कल्याणी और चंदननगर में भारी तबाही

## दशमी की दोपहर में 50 सेकंड के चक्रवात ने संदेशखली भी तबाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में दशमी और एकादशी पर प्राकृतिक आपदा ने फिर से कहर ढाया। शुक्रवार के तड़के अचानक आए महज एक मिनट के तूफ़ान ने नदिया और हुगली ज़िले के कई इलाकों को तहस-नहस कर दिया। सबसे अधिक नुकसान नदिया ज़िले के हरिणघाटा ब्लॉक में हुआ, जहां 10 से 12 मकान ढह गए और कई घरों की टिन की छत उड़ गई। केले सहित अन्य फसलों को भी भारी क्षति पहुंची। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह लगभग 5 बजे हरिणघाटा ब्लॉक के बिरही-2 ग्राम पंचायत के अंतर्गत नारायणपुर समेत कई गांवों में अचानक तेज़ तूफ़ान आ गया। इसकी चपेट में आकर कई घरों की दीवारें गिर पड़ीं और पूरा इलाका अस्त-व्यस्त हो गया। तूफ़ान के बाद सुबह 11 बजे से तेज़ बारिश शुरू हो गई, जिससे हालात और बिगड़ गए। घरों के सामान, फर्नीचर सहित कई ज़रूरी वस्तुएं बर्बाद हो गईं। इधर, हुगली ज़िले के चंदननगर में भी अचानक आए तूफ़ान और बारिश ने नरोया शांतिरमाठ इलाके को प्रभावित किया। तेज हवाओं से पूजा मंडप गिर गया और उसमें लगी झूमर टूटकर बिखर गई। कई घरों की छतें उड़ गईं और पेड़-पौधे धराशायी हो गए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, दशमी की शाम को भी उत्तर 24 परगना के संदेशखाली क्षेत्र में महज 50 सेकंड तक चले विनाशकारी तूफ़ान ने भारी तबाही मचाई थी। गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे संदेशनखाली-1 ब्लॉक के पाथरघाटा क्षेत्र में आए इस बवंडर में करीब सौ घर क्षतिग्रस्त हो गए थे। छह लोग घायल हुए थे और सैकड़ों पेड़ तथा फसलें चौपट हो गई थीं। 30 से अधिक बिजली के खंभे और तार टूट जाने से पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी।

## दिनहाटा में छत से गिरकर गृहिणी की मौत

**कूचबिहार :** कपड़े पसारते समय छत से गिरकर एक गृहिणी की मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार की दोपहर दिनहाटा नगरपालिका के वार्ड 3 इलाके में घटी है। मृतक गृहिणी का नाम चंपा आदित्य सरकार (32) है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर करीब 1.15 बजे गृहिणी छत पर कपड़े पसारते समय नीचे गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिवार के सदस्यों ने उसे बरामद कर दिनहाटा महकमा अस्पताल ले गए, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से इलाके में शोक की लहर है।

# बालीगंज में युवक की रहस्यमय मौत, पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर हत्या का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** विजया दशमी की रात बालीगंज के पद्मपुकुर इलाके में एक युवक की रहस्यमय मौत की घटना घटी। मृतक की पहचान बिक्की मल्लिक के रूप में की गई है। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक की पत्नी प्रियंका मल्लिक ने शुरुआत में दावा किया था कि उनके पति की मौत फांसी लगाने से हुई है, जबकि बिक्की की बहन ने आत्महत्या की बात को सिरे से खारिज करते हुए हत्या का आरोप लगाते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। मृतक की बहन का दावा है कि उक्त घटना के पीछे प्रियंका और उसके प्रेमी के कथित विवाहेतर संबंध का नतीजा है। जानकारी के अनुसार, बिक्की मल्लिक अपनी पत्नी के साथ बालीगंज के पद्मपुकुर रोड स्थित एक घर में रहते थे। गुरुवार की देर रात उनकी बहन सोना महतो को यह खबर मिली कि उनके भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताए गए पते पर पहुंचकर सोना महतो ने पाया कि उनके भाई का शव कमरे के अंदर पहले से ही फंदे से लटका हुआ था। इस घटना के बाद की परिस्थितियों ने उनके मन में तुरंत संदेह पैदा कर दिया और उन्होंने पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया। सूचना मिलने के तुरंत बाद बालीगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई के बाद, सोना महतो ने थाने में औपचारिक रूप से एक लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने अपने भाई की पत्नी और उसके कथित साथी पर हत्या का आरोप लगाया। आरोप है कि प्रियंका और एक स्थानीय युवक के बीच कथित प्रेम संबंध चल रहा था। मृतक की बहन की शिकायत के अनुसार, बिक्की को इस अवैध संबंध का पता चल गया था, जिसके कारण दोनों के बीच अक्सर घरेलू कलह होती थी। यह भी आरोप है कि घर में बढ़ते तनाव के बावजूद प्रियंका ने रिश्ता खत्म करने से इनकार कर दिया। घटना वाली रात स्थिति उस समय गंभीर हो गई जब बिक्की घर लौटा और उसने कथित तौर पर अपनी पत्नी को उक्त युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया। माना जा रहा है कि इसके तुरंत बाद तीखी बहस शुरू हो गई। बहन की हत्या की शिकायत में कहा गया है कि इस बड़े विवाद के बाद, प्रियंका और उसके कथित प्रेमी ने बिक्की की हत्या कर दी और फिर इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए घटना को अंजाम दिया। सोना महतो की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की गहन शुरू कर दी है।

जय भिक्षु
अर्हम्
जय महाश्रमण

नवम् पुण्य तिथि
श्रद्धासिक्त स्मरण



जन्म : 1934
देवलोकगमन : 2016

कल्याण मित्र परिवार एवं शिष्ट-विशिष्ट परिवार की विशिष्ट सदस्या
'श्रद्धा की प्रतिमूर्ति'
स्व. सोहनी देवी दुगड़
(धर्मपत्नी : स्व. 'शासनसेवी' बुद्धमल जी दुगड़)

सरल हृदय तुम, सरस वचन तुम
कर्मवीर तुम, धर्मवीर तुम
आदर्श हमारी तुम्हें प्रणाम
हे पथदर्शक तुम्हें प्रणाम

- आपके संस्कारों, स्वाभिमान और समर्पण से सुरभित -
-:: श्रद्धावनत् ::-
सुरेन्द्र कुमार-विनीता, तुलसी कुमार-प्रतिभा, कमल कुमार-मधु (पुत्र-पुत्रवधू)
राजकुमारी मणोत, सायर-श्रीनिवास बोथरा (पुत्री-दामाद)
ऋषभ-सलोनी, श्रेयांस-दीक्षा, अनन्त-मेघा, संयम-मुस्कान (पौत्र-पौत्रवधू)
रिचिका-मुदित सिंघी, प्रेक्षा-हर्षवर्धन कोटिया (जैन) (पौत्री-दामाद) रचिता (पौत्री) समृद्धि, सर्वज्ञा (प्रपौत्री)
हर्ष-स्मिता, रोहित-तारा मणोत (दौहित्र-दौहित्रवधू) प्रियंका-रवि मणोत (दौहित्री-दामाद) खुशबू बोथरा (जैन) (दौहित्री)
युवान, विराज सिंघी (प्रदौहित्र) एवम् समस्त दुगड़ परिवार
(रतनगढ़-कोलकाता)
एवम् बी एम डी ग्रुप के समस्त सदस्य एवं सहकर्मीगण
BMD Sincere Service

# बहरामपुर में प्रतिमा दिखाने के बहाने नाबालिग प्रेमिका से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

## तीन आरोपियों को 14 दिन की जेल हिरासत

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरामपुर में प्रतिमा दर्शन कराने के बहाने प्रेमिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप उसके प्रेमी समेत तीन युवकों पर लगा है। बहरामपुर थाना पुलिस ने इस घटना में शामिल होने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, घटना बहरामपुर थाना क्षेत्र में नवमी की रात को हुई। मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया। घटना के तुरंत बाद, लड़की के परिवार ने बहरामपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बहरामपुर थाने के आईसी ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर, उसी रात तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गत एक अक्टूबर को जब उन्हें बहरामपुर स्थित एसीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, तो जज ने उन्हें 14 दिन की जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया। लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें दुष्कर्म



के सबूत मिले। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तीनों युवकों में से एक का लड़की के साथ प्रेम संबंध था। इसी संबंध के चलते, युवक ने लड़की को फोन करके प्रतिमा दर्शन के लिए बुलाया। लड़की और तीनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर इलाके में स्थित प्रतिमाओं के दर्शन करने गए। इसके बाद, तीनों युवकों पर भागीरथी नदी के किनारे एक ईंट-भट्ठे पर ले जाकर लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा। उसी रात, घटना की जानकारी उन्हें तब हुई जब भट्ठा मालिक का ड्राइवर दो ट्रैक्टर ईंट-भट्ठे पर रखने के लिए लाया। ट्रैक्टर चालकों को देखकर तीनों युवक भाग गए। फिर, ड्राइवरों ने लड़की को बचाया और उसे स्थानीय पुलिस कैंप में ले आए। उसी रात, तीनों युवकों के परिवार वालों को कैंप में बुलाया गया। इसके बाद, पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लिया। बाद में, लिखित शिकायत मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# कोलकाता मेट्रो में पंचमी से दशमी तक 46.56 लाख यात्रियों ने किया सफर

**◗ दुर्गा पूजा पर भीड़ प्रबंधन में कोलकाता मेट्रो की बड़ी सफलता**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के दौरान इस बार कोलकाता मेट्रो रेलवे ने नया रिकॉर्ड बनाया है। पंचमी से दशमी तक कुल 46.56 लाख यात्रियों ने मेट्रो सेवाओं का उपयोग किया, जबकि 5.01 लाख से अधिक यात्रियों ने आमार कोलकाता मेट्रो ऐप के माध्यम से टिकट बुक किए। केवल पंचमी के दिन ही 9.82 लाख से अधिक यात्रियों ने मेट्रो में यात्रा की, जो मेट्रो इतिहास में अब तक का सबसे ऊंचा दैनिक आंकड़ा है। पिछले वर्ष इस अवधि में 41.15 लाख यात्री मेट्रो से यात्रा कर चुके थे, जबकि 2019



में दुर्गा पूजा के दौरान अधिकतम 45.61 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी। पूजा के दिनों में इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों का प्रबंधन मेट्रो के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। इसके लिए पहले से विस्तृत योजना तैयार की गई और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई। भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहे। राज्य पुलिस, आरपीएफ और ईस्टर्न रेलवे के स्काउट्स-गाइड्स स्वयंसेवकों की मदद से सुरक्षा और यात्री सुविधा सुनिश्चित की गई। साथ ही सीसीटीवी मॉनिटरिंग, मेडिकल बूथ, डॉक्टर-स्टाफ की तैनाती और हैंडहेल्ड लाउड-हेलर व टिकटिंग मशीनों का उपयोग भी किया गया। महाप्रबंधक सुभ्रांशु शेखर मिश्रा और वरिष्ठ अधिकारियों ने कई स्टेशनों का दौरा कर यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

इस अवधि में 18,498 नए स्मार्ट कार्ड जारी किए गए और 1.59 लाख से अधिक स्मार्ट कार्ड 10 साल के लिए पुनः मान्य किए गए। 100 की रियायती दर पर उपलब्ध यह सुविधा बुकिंग काउंटर पर भीड़ घटाने में सहायक रही। इसके अलावा 646 ट्रस्टेड स्मार्ट कार्ड भी बेचे गए और बड़ी संख्या में यात्रियों ने टिकट वेंडिंग मशीनों का उपयोग किया।

## इंफ्रा.मार्केट ने सेबी के पास गुप्त रूप से अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया

**कोलकाता :** एक्सेल और टाइगर ग्लोबल बैक्डइंफ्रा.मार्केट भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते बिल्डिंग मटेरियल प्लेटफ़ॉर्म्स में से एक है और इसने बाज़ार सूत्रों के अनुसार, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास गुप्त रूप से अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। विकास से जुड़े लोगों के मुताबिक, कंपनी लगभग 4,500 से 5,000 करोड़ जुटाने का सोच रही है, जो नए शेयर जारी करने और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा ऑफरफॉर सेल (ओएफएस) के संयोजन के ज़रिए होगा। इंफ्रा.मार्केट, जिसकी स्थापना 2016 में सौविकसेनगुप्ता और आदित्य शारदा ने की थी, भारत का सबसे तेज़ी से बढ़ता बिल्डिंग मटेरियलप्लेटफ़ॉर्म है, जो निर्माण क्षेत्र की पूरी वैल्यू चेन के लिए शुरुआत से अंत तक समाधान प्रदान करता है।

## धूपगुड़ी में तेज रफ्तार कार की चपेट में आए लोग, तीन की मौत व सात घायल

**जलपाईगुड़ी :** दुर्गा पूजा के दौरान दशमी की रात जलपाईगुड़ी जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। धूपगुड़ी से मयनागुड़ी जाने वाले एशियन हाईवे-चार पर पुल नंबर-दो के पास एक तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंदते हुए एक दुकान में घुस गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटना के समय लोग पूजा पंडालों में दर्शन और प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले हुए थे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार एसयूवी ने सड़क किनारे कतार में खड़े श्रद्धालुओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोग इधर-उधर गिर पड़े और इलाके में अफ़रा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का अनुमान है कि कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया था, जिसके कारण यह बड़ा हादसा हुआ। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। जलपाईगुड़ी जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार की सुबह बताया कि मृतकों की संख्या तीन है और लगभग सात लोग घायल हुए हैं। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।

## सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड सदस्य के लिए मनोनित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीडब्ल्यूबीटीए) के अध्यक्ष तथा फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल, मासा फोरम और इवो कनेक्ट से जुड़े सुशील पोद्दार को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (डीपीआईआईटी) के अधीन नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का सदस्य नामित किया गया है। यह उपलब्धि व्यापारी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है और इसे व्यापक सराहना मिल रही है। श्री पोद्दार का लक्ष्य है कि व्यापारियों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले और ट्रेडर्स अंडर वन रूफ की अवधारणा के तहत छोटे, मध्यम और बड़े सभी व्यापारियों



को बिना किसी बाधा के विकास के अवसर मिलें। वे लंबे समय से राज्य और केंद्र सरकार के साथ समन्वय कर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

उनका मानना है कि सीखना कभी खत्म नहीं होता और बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंह के मार्गदर्शन में उन्हें और अनुभव व ज्ञान प्राप्त होगा, जिससे भविष्य में व्यापारियों के लिए और भी बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित हो सकेंगी। उन्होंने अपने साथी व्यापारियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वे भारत के हर व्यापारी के लिए काम करेंगे और यह गर्व की बात है कि पश्चिम बंगाल से एक प्रतिनिधि को इस पद पर मनोनित किया गया है।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि हर सोमवार दोपहर तीन से चार बजे तक वर्चुअल बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते हैं। इस बैठक में कोई भी व्यापारी सीधे जुड़ सकता है और अपनी समस्याएं अथवा सुझाव साझा कर सकता है।

## मां दुर्गा के सोने के आभूषण चोरी के आरोप में दो सिविक वॉलंटियर सहित तीन हिरासत में

**मालदह :** अष्टमी पूजा के दौरान देर रात देवी के मंदिर से सोने के आभूषण चोरी करने के आरोप में दो सिविक वॉलंटियर सहित तीन को हिरासत में लिया गया है। इस घटना से मालदह के गाजोल में एकलखी संलग्न गांधी मोड़ इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवमी की



सुबह पूजा कमेटी के सदस्यों ने पाया कि लगभग तीन लाख रुपये के सोने के आभूषण गायब हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर देखा गया कि दो सिविक वॉलंटियर और एक स्थानीय निवासी देवी के चरणों से कुछ ले जा रहे थे। इसके बाद, पूजा कमेटी द्वारा गाजोल पुलिस थाने में आरोपितों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। आयोजकों ने बताया कि चोरी हुए आभूषण अभी तक बरामद नहीं हुए है। आरोपितों को थाने ले जाया गया है। उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।

## सोसायटी बेनिफिट सर्किल का 11 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोसायटी बेनिफिट सर्किल ने शरद नवरात्रि के शुभावसर पर भक्तों के सेवार्थ निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर का 11 दिनव्यापी वृहत आयोजन किया। यह शिविर 21 सितंबर से एक अक्टूबर तक अनवरत चालू रहा। इस दौरान, श्री धोली सती भक्ति धारा एवं फतेहपुर शेखावटी प्रगति संघ के संयुक सहयोग में श्री श्री 1108 सहस्त्र चंडी एवं सह रुद्र चंडी महायज्ञ एवं संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसी भव्य महायज्ञ में सोसाइटी बेनिफिट सर्किल के अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष पवन बंसल के साथ प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल (नीम का थाना), कार्यकारिणी सदस्य सुभाष




चंद्र गोयनका, महेश गोयनका, मनीष धानुका, संजय अग्रवाल-1, महेश काबरा, सुमित झुनझुनवाला, सचिन अगरवाल, कमल गोयनका, अनु मिश्र, सुशील जोशी, प्रकाश सांगानेरिया, प्रतिष सराफ, अरुण झुंझुनवाला आदि के साथ कौशिक साहू, अंजलि प्रधान के नेतृत्व में चिकित्सक दल अनवरत सेवा कार्य में संग्लग्न रही। इस शिविर के साथ-साथ संस्था सेंट्रल एवेन्यू स्थित मोहम्मद अली पार्क पूजा में भी निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू) ने दी।

## विश्व हृदय दिवस: कोलकाता में 'सफेद खाद्य पदार्थों' का छुपा खतरा

**कोलकाता :** आर.एन. टैगोर अस्पताल, मुकुंदपुर के कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. इंद्रनील दत्ता ने बताया: विश्व हृदय दिवस के अवसर पर शहर के हृदय रोग विशेषज्ञ सफेद खाद्य पदार्थों के खतरों को लेकर चेतावनी दे रहे हैं। इनमें पॉलिश किया हुआ चावल, मैदा, सफेद ब्रेड, चीनी और अधिक नमक शामिल हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ये खाद्य पदार्थ धीरे-धीरे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और हृदय रोग को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि, सफेद खाद्य पदार्थ भले ही शुद्ध और हानिरहित लगते हों, लेकिन यह हृदय के लिए सबसे खतरनाक हैं। पॉलिश चावल और मैदा रक्त शर्करा को तेजी से बढ़ाते हैं, जिससे इंसुलिन रेजिस्टेंस और डायबिटीज होती है। चीनी और नमक जब अधिक मात्रा में खाए जाते हैं, तो ये रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ाते हैं और ब्लॉकेज की गति तेज कर देते हैं। कोलकाता जैसे शहर में, जहाँ चावल और मिठाई रोज़मर्रा का हिस्सा हैं, लोगों को समझना होगा कि संयम और विकल्प ही रास्ता हैं। ब्राउन राइस, साबुत गेहूँ और मोटे अनाज का इस्तेमाल और चीनी व नमक को कम करना, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप के खतरे को काफी हद तक घटा सकता है। पोषण का मतलब त्याग नहीं, बल्कि संतुलन और समझदारी से चुनाव करना है।

## जावा येजदी मोटरसाइकल्स ने वर्ल्ड कॉफी डे पर लॉन्च की लिमिटेड-एडिशन स्पेशल कॉफी

**कोलकाता, समाज्ञा :** जावा येजदी मोटरसाइकल्स ने वर्ल्ड कॉफी डे के मौके पर कर्नाटक के कूर्ग में अपने प्रतिष्ठित नोमैड्स राइडिंग प्रोग्राम के तहत प्रीमियम लिमिटेड-एडिशन 'येजदी कॉफी' लॉन्च की। यह कॉफी कंपनी के एसएलएन कॉफी एस्टेट और लेविस्ता के सहयोग से तैयार की गई है। 2018 में मिड-साइज सेगमेंट में क्लासिक परफॉर्मेंस मोटरसाइकल्स के साथ वापसी करने वाली कंपनी लगातार मोटरसाइकलिंग संस्कृति और समुदाय को मजबूत करने के लिए नए प्रयोग कर रही है। नोमैड्स 2025 ब्रूस्केप - 'रूट्स टू रूट्स' नामक इस राइड का शुभारंभ मैसूर से हुआ और समापन कूर्ग के मदिकेरी में, जिसे भारत की कॉफी राजधानी कहा जाता है। इस दौरान नई लॉन्च की गई येजदी रोडस्टर को प्रदर्शित किया गया। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम ठरेजा ने कहा कि मोटरसाइकलिंग सिर्फ मशीनों तक सीमित नहीं, बल्कि असली ब्रांड लव ग्राहकों के अनुभवों से पैदा होता है। स्पेशल एडिशन येजदी लेविस्ता कॉफी दो वैरायटी में उपलब्ध होगी - 100% अरेबिका सिंगल-ओरिजिन ब्रू और अरेबिका-रोबस्टा ब्लेंड।

## सोहा अली खान का फेस्टिव वेलनेस गाइड: संतुलन, आनंद और स्वस्थ त्योहारों का संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** त्योहारों का मौसम खुशियों, मिठाइयों और नमकीन व्यंजनों से भरपूर होता है, लेकिन जरूरत से ज़्यादा खाने से असहजता और थकान महसूस हो सकती है। इसी बीच अभिनेत्री और लेखिका सोहा अली खान ने त्योहारों के लिए अपना खास फेस्टिव वेलनेस गाइड साझा किया है। उनका मानना है कि संतुलन, सही चुनाव और हेल्दी स्नैक्स के जरिए त्योहारों का आनंद बिना स्वास्थ्य से समझौता किए लिया जा सकता है। सोहा के अनुसार, खाली पेट पार्टी में जाना सबसे बड़ी गलती है। वह सलाह देती हैं कि हमेशा साथ में कैलिफोर्निया बादाम की मुट्ठीभर मात्रा रखें, जो पेट भरने का एहसास कराती है और अस्वास्थ्यकर खाने से बचाती है। आयुर्वेद व यूनानी ग्रंथों में भी बादाम को त्वचा और ऊर्जा के लिए लाभकारी बताया गया है। वह चिप्स की जगह सेसमे स्मोक्ड आल्मंड्स जैसे स्नैक्स और ताजे फल आहार में शामिल करने का सुझाव देती हैं।

## एसबीआई कैप सिक्योरिटीज लिमिटेड आपके घर ला रहा है स्मार्ट निवेश की सुविधा

**कोलकाता :** त्योहारी माहौल को वित्तीय सशक्तिकरण के साथ जोड़ने के उद्देश्य से, भारतीय स्टेट बैंक की एक समूह कंपनी, एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड ने इस दुर्गा पूजा पर एक अभियान शुरू किया है। इसका लक्ष्य सभी के लिए स्मार्ट निवेश को अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना है। एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, सुरेश शुक्ला ने कहा, त्योहार खुशी, एकजुटता और आशा का समय होते हैं - ये वही भावनाएं हैं जो भविष्य के लिए निवेश से भी उत्पन्न होनी चाहिए। एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड में, हमारा मानना है कि जहां उत्सव हमारे मन को उत्साहित करते हैं, वहीं स्मार्ट निवेश हमारे कल को सुरक्षित करता है। यह पहल दोनों को एक साथ लाती है, ठीक उसी जगह जहां लोग रहते हैं।

## सियालदह डिवीजन में विशेष अभियान 5.0 के तहत स्टेशन परिसर की व्यापक सफाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने शुक्रवार को विशेष अभियान 5.0 को सक्रिय रूप से मनाया। सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग मैनेजमेंट विभाग ने सियालदह, कोलकाता, नैहाटी, बनगांव जंक्शन, बेलघाड़िया और दमदम जंक्शन सहित प्रमुख स्टेशनों पर गहन स्वच्छता अभियान आयोजित किया। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों ने यह सुनिश्चित किया कि सफाई मशीनें, उपकरण, संयंत्र और सफाई कर्मचारियों के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध और कार्यरत हों। स्टेशन परिसरों में पर्याप्त डस्टबिन लगाए गए, जिनमें अलग-अलग कचरे के लिए पृथक डस्टबिन भी शामिल थे, जैसा कि रेलवे बोर्ड के निर्देशों में बताया गया है। जनजागरूकता बढ़ाने के लिए फिल द डस्टबिन और डोनेट द डस्टबिन



जैसी पहलें भी शुरू की गईं। नालियों और शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया, साथ ही हाइड्रेंट पाइपों की उचित देखभाल और स्टैकिंग का निरीक्षण भी किया गया, ताकि सुरक्षा और संचालन तत्परता सुनिश्चित हो सके।

## श्रीभूमि की पूजा में श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति की जल सेवा

**❑ लगाये गए तीन कैंप, महिला सदस्याओं ने भी दीं कैंप में अपनी सेवा**

**कोलकाता :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने हर साल की तरह इस वर्ष भी श्रीभूमि के दुर्गा पूजा मंडप के पास अपना जल सेवा कैंप लगाया। अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी व सचिव गोविंद राधड़ के अनुसार श्रद्धालुओं की अपार संख्या को देखते हुए इस बार तीन कैंप लगाये गये थे। कैंप के इंचार्ज पंकज गोयल के साथ सह-सचिव विजय दारुका ने बताया कि षष्ठी से शुरु हुए इन सेवा कैंपों में प्रतिदिन ही रात्रि दो बजे तक सेवाएं चलाई गई। कैंप का उद्घाटन संस्था के वरिष्ठ सदस्य नथमल बिहानी ने किया था। कैंप में दर्शनार्थियों के लिए जल सेवा तो बच्चों के लिए फ्रूटी, लोजेंस और बिस्किट की व्यवस्था की गई थी। कैंप को सफल बनाने में उपाध्यक्ष मुरारीलाल डीडवानिया, कोषाध्यक्ष



विकास नेवटिया के साथ राजेंद्र गोयल, सुशील अग्रवाल, मुकेश जिंदल, अमित जिंदल, अनिल मण्डावेवाला, दाऊलाल मूंधड़ा, मनोज गोयल, पवन गोयल, सुरेश झुनझुनवाला, गोपाल सरावगी, तरुण गोयल, नीकू बंका, शशांक कंदोई, मनमोहन अग्रवाल, विक्की सोनी, संजय शाह, संजय बड़जात्या, दिव्यम गोयल, बादल बाबू, विनीत अग्रवाल, केशव सादानी, राजीव जालान, प्रतीक सोनी, मुकेश जिंदल, अमित जिंदल, अनिल मण्डावेवाला, योगेन्द्र कुमार पाण्डेय व अन्य सक्रिय रहें। प्रेमलता गोयल, सीमा गोयल, मधु जिंदल, अंकिता नेवटिया, नीता झुनझुनवाला, शारदा बिंदल, पूजा कंदोई, ख़ुशी गोयल, साक्षी नेवटिया, लवीशा नेवटिया के साथ अन्य महिला सदस्याओं और बच्चों की टीम ने भी शिविर की सफलता में अपना योगदान दिया।

## सीए गौरव सम्मान समारोह रविवार को, 200 सीए छात्रों का होगा सम्मान

**❑ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु समारोह का करेंगे उद्घाटन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षा, संस्कृति, उद्यमिता और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विगत डेढ़ दशक से समर्पित संस्था समर्पण ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'सीए गौरव सम्मान समारोह- 2025' का भव्य आयोजन 5 अक्टूबर (रविवार) को प्रातः 11 बजे से द बालीगंज मैदान, कोलकाता में किया जायेगा। इस विशेष अवसर पर भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु समारोह का उद्घाटन करेंगे। समारोह में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। साथ ही, ईआईआरसी के चेयरमैन विष्णु कुमार तुलस्यान एवं प्रतिष्ठित उद्यो-गपति आकाश्य बिनजराजका विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इस समारोह में वर्ष 2025 की सीए परीक्षा में दोनों ग्रुपों में सफल हुए लगभग 200 परीक्षार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। समर्पण ट्रस्ट के अध्यक्ष सीए एन. के. अग्रवाल की अगुवाई में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का संचालन वक्ता तथा एफसीए रश्मि बिहानी द्वारा किया जाएगा। स्वागत समिति के अध्यक्ष आर. एन. रुस्तगी समारोह की व्यवस्थाओं का नेतृत्व करेंगे। समर्पण ट्रस्ट के महासचिव प्रदीप ढेडिया ने इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह आयोजन समाज में शिक्षा और प्रोफेशनल उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा मीडिया प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की।

## सियालदह डिवीजन ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के समापन दिवस पर मनाया विशेष कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने 02 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के समापन दिवस को बड़े उत्साह और व्यापक भागीदारी के साथ मनाया। स्वच्छोत्सव थीम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी, एनजीओ और यात्री सक्रिय रूप से शामिल हुए। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और सिंगल-यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के साथ-साथ पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना था। समापन दिवस पर डिवीजन ने बड़े पैमाने पर संयुक्त श्रमदान का आयोजन किया। इसमें स्थानीय एनजीओ, रेलवे कॉलोनियों के निवासी और स्थानीय



सेलिब्रिटी शामिल हुए। ठाकुरनगर स्टेशन पर विशेष पौधारोपण और श्रमदान कार्यक्रम में शांतनु ठाकुर, राज्य मंत्री (शिपिंग और जलमार्ग), वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ईएनएचएम, आरपीएफ, ऑपरेशंस, इंजीनियरिंग और मेडिकल विभागों ने सक्रिय योगदान दिया, जबकि हाउसकीपिंग असिस्टेंट्स और स्थानीय समुदायों ने भी सहयोग किया।

इसके अलावा, बी.आर. सिंह अस्पताल में विशेष एंटी-लिटरिंग जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अभियान में रेलवे यात्री, सफाई कर्मचारी और आम जनता शामिल हुई, जिसमें लोगों को स्वच्छता, सतत प्रथाओं और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत पांच बच्चों को सुरक्षित बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 02 अक्टूबर को पांच नाबालिग बच्चों को विभिन्न स्टेशनों से सुरक्षित बचाया। आरपीएफ ने रामपुरहाट स्टेशन पर ट्रेन नंबर 12346 (सरायघाट एक्सप्रेस) में भटक रहे एक नाबालिग लड़के को बचाया। वहीं, आसनसोल स्टेशन पर अकेली घूमती एक नाबालिग लड़की को सुरक्षित बचाया गया। इसके अलावा, अंडाल स्टेशन पर ट्रेन नंबर 13105 (सियालदह-बलिया एक्सप्रेस) में दो लड़कियों और एक लड़के को उनके परिवार से अलग पाए जाने पर तुरंत सहायता प्रदान की गई। सभी बच्चों को सुरक्षित रख-रखाव और आगे की कार्रवाई के लिए चाइल्ड लाइन को





सौंपा गया। पूर्व रेलवे अपनी चौकस आरपीएफ टीमों के माध्यम से, नाबालिगों की सुरक्षा और उनके शोषण या संकट से बचाव के लिए प्रतिबद्ध है।

## दुर्गा पूजा विसर्जन पर अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने लगाया सेवा शिविर

**कोलकाता :** अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गा पूजा विसर्जन के अवसर पर निमतला घाट स्ट्रीट इलाके में सेवा शिविर लगाया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित कैंप के तहत विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में पेयजल वितरित किया गया। विगत कई वर्षों से दशमी के दिन यह सेवा होती आ रही है। इस वर्ष भी संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सेवा कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतिमा विसर्जन के लिए रास्ते से गुजर रहे श्रद्धालुओं में पेयजल वितरित किया गया। मौके पर समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह, महासचिव शंकर बक्श सिंह व संरक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे तो समाज वर्षभर जनसेवा कार्यों से जुड़ा रहता है। इसके अलावा विभिन्न खास अवसरों पर सेवा शिविर आयोजित किए जाते हैं। गंगासागर में समाज का धर्मशाला निर्मित हो रहा है। सभी के सहयोग से जल्द ही भवन तीर्थयात्रियों की सेवा को समर्पित होगा।

उक्त मौके पर दिनेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, राज कुमार सिंह, अविनाश सिंह, अजय



सिंह (कोन्नगर), छोटू सिंह, उदयभान सिंह, अजय सिंह (डनलप), प्रभात सिंह, प्रभुनाथ सिंह, सुधीर सिंह, हरिकेश सिंह (गुड्डन), विलास सिंह, अभिनय सिंह, मृदुल सिंह, गोरा चंद सिंहराय, सिटीमय सिंहराय, अनिल सिंह (एडवोकेट), संजय सिंह, उमेश सिंह, आनंद मोहन सिंह, कमलेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, चंदन कुमार सिंह, बृज किशोर सिंह, रमेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, सुनील सिंह, राकेश कुमार सिंह (बिरलापुर), शिव कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, मतिंद्र सिंह, नंदलाल प्रसाद, वीरेंद्र गौर, सुभाष तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य सक्रिय रहे।

# एसआईआर से पहले राज्य में दो हजार बीएलओ को बदले जाने की संभावना

❑ **चुनाव आयोग के नियमों के उल्लंघन का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनाव आयोग के निर्देशों की अनदेखी करने के मामले में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। राज्य के अलग-अलग जिलों के करीब दो हजार बूथों में तैनात बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को जल्द ही बदला जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक, संबंधित जिलों के जिला अधिकारी, जो जिला निर्वाचन अधिकारी भी होते हैं, से इन गड़बड़ियों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। जैसे ही रिपोर्ट प्राप्त होगी, चुनाव आयोग की तय गाइडलाइन के आधार पर बीएलओ की नियुक्तियों को बदला जाएगा। सीईओ कार्यालय ने साफ किया है कि यह पूरी प्रक्रिया विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) शुरू होने से पहले पूरी कर ली जाएगी। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि हाल में करीब दो बजार बूथों में संविदा कर्मियों को बीएलओ बना दिया गया, जबकि स्थायी सरकारी कर्मचारी और स्कूलों के शिक्षक उपलब्ध थे। सबसे बड़ी बात यह है कि इन नियुक्तियों के लिए सीईओ कार्यालय से अनुमति भी नहीं ली गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने हाल ही में राज्य शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि कई शिक्षक स्पष्ट निर्देश और अदालत के आदेश के बावजूद बीएलओ की ड्यूटी लेने से बच रहे हैं। सीईओ कार्यालय ने ऐसे शिक्षकों को चेतावनी दी है कि यदि वे तय समयसीमा में जिम्मेदारी नहीं निभाते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## चुनाव आयोग ने राज्य में एसआईआर के लिए नियुक्त किये सीईओ व जेसीईओ

**कोलकाता, समाज्ञा : निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में दो प्रमुख अधिकारियों की नियुक्ति की है। आयोग ने अरुण प्रसाद को राज्य का नया अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी और हरिशंकर पणिक्कर को संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे अहम कामों को ध्यान में रखते हुए की गयीं हैं। अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग ने राज्य सरकार से इन दोनों पदों के लिए नामों का एक सूची प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था। अरुण प्रसाद और हरिशंकर पणिक्कर का चयन राज्य सरकार की उपलब्ध करायी गयी सूची में से किया गया है। बता दें कि अरुण प्रसाद आईएएस के 2011 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के अधिकारी हैं, जबकि हरिशंकर पणिक्कर 2013 बैच के आईएएस हैं।**

## विदाई : धरती से लेकर अम्बर तक गुंजित हुई जगत जननी मां दुर्गा की जयकार

❑ **नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई**



**हुगली, समाज्ञा :** जिले में मनाई जा रही दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन विजय दशमी के दिन बड़ी धूम धाम से किया गया। विसर्जन में हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी ढाक पर नृत्य करके भक्त मां दुर्गा की भक्ति में मग्न होकर विसर्जन के लिए हुगली नदी पर बने गंगा घाटों पर पहुंचे। यहां प्रशासन के तरफ से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। नौ दिनों तक चले भक्ति और उत्सव के बाद विजयादशमी को नम आंखों और भाव-विभोर मन से मां दुर्गा को विदाई दी गई। 'मां तू अगले वर्ष फिर आना' के जोरदार नारों के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले परंपरा अनुसार प्रतिमाओं को मंडप से नीचे उतारा गया। इसके बाद सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर उत्सव का पालन करते हुए मां को विदाई दी। रंग और आस्था से सराबोर इस दृश्य ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। जिले के आरामबाग में आरामबाग पारुल मिलन मंच के विसर्जन में सौहार्द और एकता की अनोखी मिसाल देखने को मिली। पूर्व सांसद दंपति अपरूपा पोद्दार और शाकिर अली लाल जोड़े में शामिल होकर हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार विसर्जन प्रक्रिया का हिस्सा बने। सिंदूर उत्सव के उपरांत मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी गई और विश्व मंगल, शांति, रोग-मुक्ति, महामारी-मुक्ति और भाईचारे की कामना की गई।

विसर्जन में भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। नाचते-गाते, जय मां दुर्गा के जयकारों के बीच श्रद्धालु गंगा घाट की ओर बढ़े। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। हर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रही ताकि उत्सव शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके।

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई की चार्जशीट, कई बड़े नेताओं के नाम शामिल

**कोलकाता :** दुर्गापूजा समाप्त होते ही केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई एक बार फिर सक्रिय हो गई है। प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई ने शुक्रवार, एकादशी के दिन, बैंकशाल अदालत में अंतिम चार्जशीट दाखिल की। जानकारी के अनुसार, 70 पन्नों की इस चार्जशीट में तृणमूल कांग्रेस विधायक मानिक भट्टाचार्य और तृणमूल नेता विभास अधिकारी के नाम शामिल हैं।

गौरतलब है कि इस घोटाले में पहले ही राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस के कई अन्य नेताओं और अधिकारियों के नाम भी सामने आए थे। नदिया जिले के नकशिपाड़ा से विधायक मानिक भट्टाचार्य और बीरभूम के नेता विभास अधिकारी को भी बाद में गिरफ्तार किया गया था।

चार्जशीट में तत्कालीन प्राथमिक शिक्षा परिषद की सचिव रत्ना चक्रवर्ती बागची के नाम का भी उल्लेख किया गया है। सीबीआई की जांच में यह सामने आया कि परिषद के कई अधिकारी भर्ती प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी और भ्रष्टाचार में शामिल थे।

बैंकशाल अदालत में इस मामले की सुनवाई जारी है। सीबीआई द्वारा दाखिल की गई यह पाँचवीं पूरक और अंतिम चार्जशीट मानी जा रही है, जिससे साफ है कि अब इस प्रकरण में मुकदमे की प्रक्रिया और तेज़ होने वाली है।

### हिंदवेयर ने पेश की अपनी नई पहचान- 'डिज़ाइन्ड फॉर सुकून'

**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदवेयर ने अपनी नई पहचान 'डिज़ाइन्ड फॉर सुकून' पेश की है। इस नई पहचान के तहत कंपनी ने एक बड़ा कैंपेन शुरू किया है, जिसमें घर को सिर्फ इस्तेमाल करने की जगह न मानकर, एक ऐसा ठिकाना दिखाया गया है जहां सच्चा सुख और आराम मिले। इसका मक़सद यह है कि हिंदवेयर केवल घर में इस्तेमाल होने वाला ब्रांड न रहकर, लोगों की व्यस्त ज़िंदगी का अहम हिस्सा बने। शश्वत सोमनई, हेड ऑफ स्ट्रैटेजी, सोमनई इम्प्रेसा ग्रुप और नॉन-एग्ज़ीक्यूटिव नॉन-इंडिपेंडेंट डायरेक्टर, हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा कि पिछले 60 सालों से हिंदवेयर का नाम नवाचार, अच्छी गुणवत्ता और भरोसे के लिए जाना जाता है। अब हिंदवेयर 'डिज़ाइन्ड फॉर सुकून' कैंपेन के साथ हम एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। इसमें हमारे सभी बाथवेयर, टाइल्स और किचन एप्लायंसेज़ को एक ही पहचान के तहत जोड़ा जा रहा है।

## राज्य में कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, सोमवार तक जारी रह सकता है असर

**कोलकाता, समाज्ञा :** गहरे दबाव के कमजोर होकर निम्न दबाव में बदलने के बावजूद राज्य के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में 6 अक्टूबर तक बारिश का असर देखा जा सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे हालात चक्रवात से पहले की स्थिति मानी जाती है। इस दौरान आम तौर पर तेज बारिश और झोंकों के साथ हवाएं चलती हैं। पूर्वानुमान के मुताबिक, दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार जैसे उप-हिमालयी जिलों में 5 अक्टूबर तक सात से 20 सेंटीमीटर तक की भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं, दक्षिण



बंगाल के बीरभूम, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद, पूर्व और पश्चिम बर्दवान तथा बांकुड़ा जिलों में सात से 11 सेंटीमीटर तक की भारी वर्षा का अनुमान लगाया गया है। समुद्र तटवर्ती क्षेत्रों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने मछुआरों को उत्तर और मध्य बंगाल की खाड़ी तथा बंगाल-ओडिशा तट से लगे समुद्री क्षेत्रों में शनिवार सुबह तक न जाने की सलाह दी है।

### बारुइपुर में अज्ञात युवक का गला कटा रक्तरंजित शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एकादशी की सुबह दक्षिण 24 परगना के बारुइपुर में एक अज्ञात युवक का गला कटा हुआ रक्तरंजित शव सड़क किनारे पड़ा मिला। शव के पास शराब की बोतलें, कोल्ड ड्रिंक और पानी की बोतलें पड़ी थीं। क्या शराब पार्टी में बुलाए जाने के बाद उसकी हत्या कर दी गई? स्थानीय निवासियों और पुलिस का ऐसा माननाहै। घटना की जांच शुरू हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह बारुइपुर के पूर्व में बेगमपुर ग्राम पंचायत के 60 कॉलोनी इलाके के निवासी लकड़ी के पुल के पास सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का रक्तरंजित शव पड़ा देखा। उसका गला कटा हुआ था। शव के पास शराब की बोतलें, कोल्ड ड्रिंक और पानी की बोतलें मिलीं। झाड़ियों के पास कई प्लास्टिक के पीने के पौधे मिले। घटना का पता चलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। बारुइपुर थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर शव बरामद किया। शुरुआत में, पता चला है कि युवक स्थानीय नहीं था। जांचकर्ता उसकी पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि शराब पार्टी में बुलाकर युवक की 'हत्या' की गई। माना जा रहा है कि उस समय घटनास्थल पर एक से ज़्यादा लोग मौजूद थे। इस घटना से इलाके के आम लोग दहशत में हैं।

### उत्तर हावड़ा का अवैध निर्माण बना हादसे का कारण, दो घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा के 42 नं. कालीतला लेन में एक निर्माणाधीन मकान पर हादसा हुआ, जिसका निर्माण पिछले 2-3 सालों से रुका हुआ था। जानकारी के अनुसार, वहां रह रहे राजेश प्रसाद (48) अचानक गिर गए और सीधे जाकर अशोक सोनकर के ऐसबेस्टर छत पर जा गिरे। दोनों को काफी चोटें आई हैं और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। भाजपा नेता उमेश राय ने इस घटना को नगर निगम की लापरवाही का नतीजा बताया। उनके अनुसार, उत्तर हावड़ा में अवैध निर्माण एक बड़ी समस्या बन गया है और अक्सर ऐसे निर्माण सत्ता धारी पार्टी की मिलीभगत से होते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 2018 से 2025 तक कई अवैध निर्माण हुए, जिनकी संख्या गिनती से बाहर है। ऐसे में इस घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा, यह सवाल बनता है। श्री राय ने यह भी कहा कि अवैध निर्माण पर समय पर रोक लगाने से इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता था। उत्तर हावड़ा में इस तरह के निर्माण आम हो गए हैं, जिससे न केवल सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ती है बल्कि आम लोगों की जान और संपत्ति पर भी संकट आता है।


### सियालदह एवं योग नगरी ऋषिकेश के बीच स्पेशल ट्रेन

त्योहार के मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश-सियालदह-योग नगरी ऋषिकेश स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी:-


| योग नगरी ऋषिकेश-सियालदह | | | 04312 04311 स्टेशन | सियालदह-योग नगरी ऋषिकेश | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| शनिवार | - | 15.20 | ↓योग नगरी ऋषिकेश | 12.00 | - | मंगलवार |
| | 16.10 | 16.15 | हरिद्वार जंक्शन | 10.25 | 10.30 | |
| रविवार | 07.50 | 08.00 | वाराणसी | 19.05 | 19.15 | सोमवार |
| | 16.20 | 16.25 | धनबाद जंक्शन | 11.05 | 11.10 | |
| | 17.50 | 18.00 | आसनसोल | 09.08 | 09.13 | |
| | 21.28 | 21.30 | बैण्डेल जंक्शन | 06.15 | 06.17 | |
| | 23.00 | - | सियालदह ↑ | - | 05.00 | |

ऊपर उल्लेखित स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में मोरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जंक्शन, राय बरेली जंक्शन, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल जंक्शन एवं नैहाटी जंक्शन स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां एवं दिन : योग नगरी ऋषिकेश से - 04312** दिनांक 11.10, 18.10, 25.10.2025, 01.11, 08.11 एवं 15.11.2025 (शनिवार) **एवं सियालदह से - 04311** दिनांक 13.10, 20.10, 27.10.2025, 03.11, 10.11 एवं 17.11.2025 (सोमवार) = प्रत्येक 6 ट्रिप। **गठन** : वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-सह-वातानुकूलित 2-टीयर - 1, वातानुकूलित 2-टीयर - 1, वातानुकूलित 2-टीयर-सह-वातानुकूलित 3 टीयर -1, वातानुकूलित 3-टीयर-12, एसएलआरडी - 2 = 17 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# गोयनका दादी मंदिर कोलकाता में नवरात्र महोत्सव धूमधाम से संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति द्वारा पार्वती घोष लेन स्थित गोयनका दादी मंदिर कोलकाता धाम में 22 सितंबर से एक अक्टूबर तक संपन्न हुए शारदीय नवरात्र उत्सव के अवसर पर गोयनका परिवार के अनेक श्रद्धालुओं ने दादी जी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। प्रतिदिन दादी का अलग-अलग मनभावन अलौकिक श्रृंगार किया गया तथा दादी की रसोई में दादी के सभी भक्तों ने प्रसाद का आनंद उठाया। भजन प्रवाहक कमल गोयनका, पवन गोयनका, ज्योति खन्ना, निकिता शर्मा, रीना दास, कविता अग्रवाल, हर्षिता डीडवानिया, खुशबू लता पोद्दार, अभिजीत कोहर, अभिषेक मिश्रा, रिया शर्मा, प्रियंका गुप्ता, आलोक गोयनका, कृष्णा गोयनका, बिमल गोयनका के मधुर भजनों से भक्त भाव विभोर हो उठे। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में ध्वजा, डांडिया, गजरा चुनड़ी उत्सव सहित धुनुची एवं सिंदूर खेला तथा कन्या पूजन का कार्यक्रम उल्लेखनीय रहे। इस अवसर पर श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति द्वारा दादी जी के अनन्य भक्त श्री गोविंद राम जी गोयनका के 90 वर्ष की दीर्घ एवं प्रेरणादायक यात्रा तथा दादी मंदिर के प्रति अथाह प्रेम के लिए तिलक लगाकर तथा श्रीफल एवं दुशाला देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर सुशील गोयनका, अशोक गोयनका, राजकुमार गोयनका (साल्टलेक), राजकुमार गोयनका (सत्यम), रामस्वरूप गोयनका, इंदर चंद गोयनका, ईश्वर चंद्र गोयनका, गिरधारी लाल गोयनका, पवन गोयनका (लॉर्डस), विनोद गोयनका, पवन गोयनका (अमरदीप), विजय गोयनका (तेघरिया), जितेंद्र गोयनका, अरुण गोयनका, संतोष गोयनका, सुभाष चंद्र गोयनका, कमल गोयनका, पवन गोयनका (पंचवटी), प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, प्रदीप कुमार गोयनका, श्रवण गोयनका, राम रतन गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), शिवरतन गोयनका, विपुल गोयनका, अजय गोयनका, सूर्यकांत गोयनका, पवन बंसल, आदित्य विक्रम तुलस्यान, संजय अग्रवाल, शोभा गोयनका, इंदु गोयनका, राज गोयनका, कुसुम गोयनका, तारा गोयनका, सीमा गोयनका (अमरदीप), प्रभा गोयनका, राधा गोयनका, अंजू गोयनका, शीला गोयनका, माधुरी गोयनका, नीलम गोयनका, मोना गोयनका, सुशीला गोयनका, सीमा गोयनका, माया गोयनका, कविता गोयनका, रेनू गोयनका (काकुडगाछी), शीला गोयनका, रेनू गोयनका, शिखा गोयनका, विनिता गोयनका सहित गोयनका परिवार के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के सचिव सुभाष चंद्र गोयनका दी।


### स्टेशनों पर पुराने संस्करण आईपीएस और डेटालॉगर का प्रतिस्थापन

**ई-निविदा सं. SNT-24-LMG-2025-26; दिनांक: 25-09-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम एवं स्थान:-** लामडिंग मंडल के 08 स्टेशनों पर पुराने संस्करण आईपीएस और 02 स्टेशनों पर डेटालॉगर का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** ₹1,64,48,198.52; **बिड सिक्यूरिटी:** ₹2,32,300.00। **ई-निविदाएं** 17-10-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 17-10-2025 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। विवरणों के लिए www.ireps.gov.in पर पधारें।

**सीनि. डीएसटीई, लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### डोमकल में बम विस्फोट से महिला की मौत, पति गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** एकादशी की सुबह जिले के डोमकल में घर में रखा बम फटने से एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान सिद्धातुन खातून के रूप में हुई है। वह घोड़ामारा पंचायत के कांगुरडिया घाटपाड़ा की रहने वाली थीं। पुलिस ने मृत महिला के पति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह वह हमेशा की तरह घर में बने उस कमरे में धान लेने गईं थी। उसी समय अचानक जोरदार धमाका हुआ और वहां रखे बम के फटने से सिद्धातुन बुरी तरह झुलस गईं। परिवार वालों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृत महिला के पति गफूर मंडल को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, धान के पास ही प्लास्टिक के जार में बम छिपाकर रखा गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## विजया दशमी पर अंजनी पुत्र सेना ने 151 कन्याओं को त्रिशूल किया प्रदान



**हावड़ा, समाज्ञा :** विजया दशमी के शुभ अवसर पर अंजनी पुत्र सेना की ओर से हावड़ा के बादामी देवी शिशु कल्याण केन्द्र में कन्या सशक्तिकरण और शस्त्र पूजन सह विजय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाराज प्रज्ञानंद स्वामी शंकर मठ, माता देव दत्तानंदमई, आदित्यानंद दत्त, अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख, दुर्गा व्यास पूर्व प्रधानाध्यापक हावड़ा शिक्षा सदन बालिका विद्यालय, निर्मला ठाकुर पूर्व प्रधानाध्यापक हावड़ा शिक्षा सदन बालिका विद्यालय उपस्थित थे। कार्यक्रम में अस्त्र-शस्त्र कि पूजा की गई। साथ ही, 151 कन्याओं को पूजन स्वरुप सम्मानित करते हुए उनके हाथों में शक्ति का प्रतीक मां दुर्गा का अस्त्र प्रदान किया गया और सभी को भोजन कराया गया।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 की धमाकेदार शुरुआत

**कोलकाता :** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, जो 22 सितंबर को प्राइम मेंबर्स और 23 सितंबर को सभी ग्राहकों के लिए शुरू हुआ, ने अमेज़न.इन पर सेलर्स और ब्रांड पार्टनर्स के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की है। इस फेस्टिवल ने 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहक विज़िट्स आकर्षित किए, जिनमें से 70% से अधिक टॉप 9 मेट्रो शहरों से बाहर से थे। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 की शुरुआत रिकॉर्ड तोड़ रही है। शुरुआती 48 घंटे हमारे लिए अब तक के सबसे बड़े रहे, जिसमें 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहक विज़िट्स और प्राइम अर्ली एक्सेस के दौरान सबसे ज्यादा प्राइम मेंबर्स की शॉपिंग दर्ज हुई।


### श्रीपत मेला के दौरान झामातपुर बाहरन स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों का एक मिनट अतिरिक्त ठहराव

झामातपुर गांव में **'श्रीपत मेला'** के अवसर पर अपेक्षित अत्यधिक भीड़ संभालने हेतु, हावड़ा मंडल के कटवा-आजिमगंज सेक्शन में **झामातपुर बाहरन स्टेशन** पर तीन दिनों के लिए अर्थात **दिनांक 04.10.2025 से 06.10.2025 तक** अस्थायी उपाय के तौर पर **सभी अप और डाउन पैसेंजर ट्रेनें** (53014 आजिमगंज-कटवा पैसेंजर को छोड़कर) निर्धारित एक मिनट के ठहराव के बदले **दो मिनट** का ठहराव प्रदान करेंगी। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### कोलकाता-नंगल डैम-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन पटना साहिब स्टेशन पर ठहरेगी

यात्रियों की सुविधा के लिए, **12325/12326 कोलकाता-नंगल डैम-कोलकाता एक्सप्रेस** ट्रेन परीक्षण के तौर पर पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के **पटना साहिब** स्टेशन पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान करेगी:

| ट्रेन सं. एवं नाम | पटना साहिब स्टेशन पर समय-सूची | | ठहराव (से प्रभावी) |
|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | |
| 12325 कोलकाता-नंगल डैम एक्सप्रेस [(जेसीओ) 02.10.2025से प्रभावी] | 15.08 | 15.10 | 02.10.2025 |
| 12326 नंगल डैम-कोलकाता एक्सप्रेस [(जेसीओ) 04.10.2025 से प्रभावी] | 05.35 | 05.37 | 05.10.2025 |

संबंधित ट्रेनों की मार्ग में ठहरने वाले अन्य स्टेशनों पर समय-सूची में कोई परिवर्तन नहीं होगा। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**



### खड़गपुर मंडल में खानपान इकाइयों और एमपीएस अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना

**ई-नीलामी सूचना संख्या: केजीपी/सीएटीजी-एमपीएस/2025 दिनांक 26.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: • 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर मंडल के खड़गपुर (3 अदद), हाउर (1 अदद), आन्दुल (1अदद), कोलाघाट (1 अदद), अबादा (1 अदद), गिरिमैदान (1 अदद), आमता (1 अदद), बीरशिबपुर (1 अदद), बाउरिया (1 अदद), मौरीग्राम (1 अदद), मेचेदा (2 अदद), उलुबेरिया (1 अदद), सांतरागाछी (3 अदद) और शालीमार (5 अदद) रेलवे स्टेशनों पर खानपान इकाइयों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटेलॉग। **कैटेलॉग संख्या: सीएटीजी-केजीपी-25-16। नीलामी की तारीख : 13.10.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय : क्रमशः सुबह 11:00 बजे और अपराह्न 3:10 बजे।** • 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर मंडल के झाड़ग्राम (1 अदद), कांथी (1 अदद), चाकुलिया (1 अदद), मार्कोना (2 अदद), रूपसा (1 अदद), हल्दीपदा (1 अदद), खांटापाड़ा (2 अदद), बेतनोटी (1 अदद), देशप्राण (2 अदद), धलभूमगढ़ (1 अदद), बाहानगा बाजार (2 अदद), गिधनी (1 अदद), रामनगर बंगाल (2 अदद), गालूडीह (1 अदद), नंदकुमार (2 अदद), घाटशिला (2 अदद), नारायणगढ़ (1 अदद), बखराबाद (1 अदद), राखा माइंस (1 अदद), बस्ता (1 अदद), अमरदा रोड (1 अदद), बारीपदा (1 अदद), जलेश्वर (2 अदद) और सोरो (2 अदद) रेलवे स्टेशनों में खानपान इकाइयों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटेलॉग। **कैटेलॉग संख्या : सीएटीजी-केजीपी-25-17। नीलामी की तारीख : 16.10.2025, नीलामी शुरू एवं बंद होने का समय: क्रमशः सुबह 10:00 बजे और अपराह्न 3:50 बजे।** • 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर मंडल के ठाकुरटोटा (1 अदद), राजालुका (1 अदद), कुचाई (1 अदद), जुगपुरा (1 अदद), बुरामारा (1 अदद), रूपसा (1 अदद), जमसोले (1 अदद), बादलपुर (1 अदद), कृष्णचंद्रपुर (1 अदद), टिकरा (1 अदद), कानीमहुली (1 अदद), शहीद मातंगिनी (1 अदद), दांतन (1 अदद), नेकुरसेनी (1 अदद), आशापूर्णा देवी (1 अदद), कोकपाड़ा (1 अदद), खटकुरा (1 अदद), रानीताल (2 अदद), हेंड़िया (1 अदद), भंजपुर (1 अदद), सीतलपुर बंगाल (1 अदद), जोगल (1 अदद), लक्षणनाथ रोड (1अदद), बंदर (1 अदद), बांगरीपोसी (1 अदद), लवण सत्याग्रह स्मारक (1 अदद), नाचिंदा (1 अदद), बेनापुर (1 अदद), सतीश सामंत (1 अदद), सुजालपुर (1 अदद), डुंया (1 अदद) और नुआगां मयूरभंज रोड (1 अदद) रेलवे स्टेशनों पर खानपान इकाइयों के प्रावधान के लिए **ई-नीलामी कैटेलॉग। कैटेलॉग संख्या : सीएटीजी-केजीपी-25-18, नीलामी की तारीख : 17.10.2025। नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमशः सुबह 10:00 बजे और अपराह्न 3:50 बजे।** • 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर मंडल के खड़गपुर (2 अदद), शालीमार (7 अदद), बेल्दा (1 अदद), रूपसा (1 अदद), बस्ता (1 अदद), झाड़ग्राम (1 अदद), जलेश्वर (4 अदद), कांथी (2 अदद), दीघा (2 अदद), चाकुलिया (1 अदद), मार्कोना (1 अदद) और दांतन (1अदद) रेलवे स्टेशनों पर एमपीएस इकाइयों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटेलॉग। **कैटेलॉग संख्या: केजीपी-एमपीएस-25-10। नीलामी की तारीख : 16.10.2025। नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमशः सुबह 10:00 बजे और दोपहर 2:20 बजे।** जिसे वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर सूचित कर दिया गया है। एजेंसी/केटरिंग ठेकेदार कृपया इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के विवरण और उसके बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर बताई गई वेबसाइट देखें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-680) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**

मुस्कान के साथ सेवा


## हावड़ा डिवीजन में चलाया गया व्यापक स्वच्छता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने देशव्यापी विशेष अभियान 5.0 और स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया। इस अभियान के तहत वर्दवान, बंडेल, कटवा, तारकेश्वर, श्रीरामपुर, शेवड़ाफुली, अजिमगंज और पाकुर स्टेशनों में स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, संचारित क्षेत्र, शौचालय और नालियों की गहन सफाई की गई। अभियान के सुचारू संचालन के लिए सफाई मशीनों, उपकरणों, संयंत्रों और सफाई कर्मचारियों के सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और उचित कार्यक्षमता की पूरी जांच सुनिश्चित की गई। स्टेशन परिसर में पर्याप्त डस्टबिन लगाने पर विशेष ध्यान दिया गया। सतत कचरा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए प्रमुख यात्री क्षेत्रों में अलग-अलग कचरा अलग करने वाले डस्टबिन भी लगाए



गए। सुरक्षा और संचालन दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हाइड्रेंट पाइपों का निरीक्षण भी किया गया, ताकि उनका उचित रख-रखाव, स्टैकिंग और आपातकालीन उपयोग के लिए तत्परता सुनिश्चित हो सके। हावड़ा डिवीजन विशेष अभियान 5.0 और स्वच्छता पखवाड़े के माध्यम से यात्रियों के लिए स्वच्छता, स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सतत प्रयास करता रहा है।

## कुलतली में वृद्धा से सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपित गिरफ्तार

❑ **तीसरा आरोपित फरार, पुलिस तलाश में जुटी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली इलाके में 60 वर्षीय महिला से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले ने एक बार फिर सनसनी फैला दी है। घटना के तीन आरोपितों में से दो को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन तीसरा आरोपित अब तक फरार है। इससे पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। लोगों का कहना है कि जिन लोगों को स्थानीय लोगों ने पकड़ा केवल वही गिरफ्तार हो सके। बाकी को पकड़ने में पुलिस नाकाम रही है। यहां तक कि इस मामले में करवाई में लापरवाही और टाल मटोल के आरोप भी लग रहे हैं। पता चला है कि गत मंगलवार की रात यह वारदात उस समय हुई जब पीड़िता घर पर अकेली थी। उसके पति अस्पताल में आंख के ऑपरेशन के लिए भर्ती थे। मिली जानकारी के अनुसार, तीनों आरोपित मुर्गी चोरी करने के इरादे से घर में घुसे थे। शोर सुनकर जब महिला जाग गई और उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपितों ने उसे धमकाते हुए घर के एक कमरे में घसीटा और सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपित देशी पिस्तौल और धारदार हथियार लेकर आए थे, जिनसे उन्होंने उसे डराया-धमकाया। वारदात के बाद जब आरोपित भागने लगे तो ग्रामीणों ने उनका पीछा किया। इस दौरान दो को पकड़कर रातभर बंधक बनाए रखा गया और सुबह पुलिस को सौंप दिया गया। दोनों को गुरुवार को उप-मंडलीय अदालत में पेश किया गया। तीसरे आरोपित की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।


### सियालदह स्टेशन पर रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

ट्रामवे टाइप ओवरहेड इक्विपमेंट कार्य के लिए, सियालदह स्टेशन पर दिनांक **04/05.10.2025 (शनिवार/रविवार)** की मध्यवर्ती रात को **2 घंटे 30 मिनट (00.45 बजे से 03.15 बजे तक)** के लिए **पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएँ की गई हैं: ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू:** (1) **31542 डाउन शांतिपुर-सियालदह लोकल** दिनांक 04.10.2025 (शनिवार) को बैरकपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और (2) **31511 अप सियालदह-शांतिपुर लोकल** दिनांक 05.10.2025 (रविवार) को बैरकपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। ● **मेल/एक्सप्रेस ट्रेन का नियंत्रण : 13106 डाउन बलिया-सियालदह एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू होने की तिथि 04.10.2025 (शनिवार)] मार्ग में रविवार (05.10.2025) को 1 घंटा 15 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन के आवागमन में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में ईसाई धर्म अपनाने के लिए लोगों को पैसे का प्रलोभन देने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया में पैसा, नौकरी के साथ-साथ आवास का प्रलोभन देकर लोगों को ईसाई धर्म अपनाने और हिंदू देवी-देवताओं की प्रतिमाएं तोड़ने के लिए उकसाने के आरोप में जिले की भीमपुरा पुलिस ने 48 वर्षीय व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव सिंह द्वारा बृहस्पतिवार को एक तहरीर दी गई जिसमें भीमपुरा थाना क्षेत्र के बाराडीह लवाईपट्टी गांव के विनोद कुमार के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। राजीव ने विनोद पर आरोप लगाया है कि वह बाराडीह लवाईपट्टी गांव की हरिजन बस्ती में कुछ बाहरी लोगों के साथ गांव के स्थानीय लोगों को एकत्र करके ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

### बिहार विधानसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग के साथ चार अक्टूबर को राजनीतिक दलों की बैठक

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक चार अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार यह बैठक पटना के होटल ताज में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। पत्र के मुताबिक बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त करेंगे और इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक दल से अधिकतम तीन प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने की अनुमति दी जाएगी। पत्र में बताया गया है कि बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की जाएगी और आयोग राजनीतिक दलों से सुझाव भी लेगा। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे अपने प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें और इसकी जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करा दें।

### राजस्थान: वन अधिकारियों ने कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया, व्यक्ति ने आत्महत्या की

**जयपुर :** प्रतिबंधित क्षेत्र में बकरियां चराने को लेकर वन अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर पीटे जाने और कपड़े उतारने के लिए मजबूर करने के बाद 26 वर्षीय एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि आत्महत्या की घटना के बाद ग्रामीणों ने हिंसक प्रदर्शन किया और वन विभाग के कार्यालय में तोड़फोड़ की, जिसके बाद पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई। जयपुर ग्रामीण की पुलिस अधीक्षक (एसपी) राशि डोगरा ने बताया कि विभाग ने तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। डोगरा ने बताया कि पुलिस और प्रशासन के साथ बातचीत के बाद मुआवजे की मांग पूरी होने पर पीड़ित परिवार पोस्टमार्टम के लिए राजी हो गया। मृतक की पहचान रायसर के कुशलपुरा गांव के विक्रम के रूप में हुई है, जिसकी बृहस्पतिवार दोपहर दो वन कर्मियों ने कथित तौर पर पिटाई की थी।

### बलिया में फौजी बेटे की मौत की सूचना पर मां ने की आत्महत्या

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के फेफना थाना क्षेत्र में अपने फौजी बेटे की मौत की सूचना मिलने के बाद एक महिला ने कथित रूप से फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, फेफना थाना क्षेत्र के नसीराबाद गांव निवासी बसंती देवी (60) ने बृहस्पतिवार रात्रि अपने घर के कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। फेफना थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विश्वदीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह एक वृद्ध महिला का शव कमरे में फंदे से लटका पाया गया। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी मिलने पर फेफना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता देना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर में एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं, सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दें। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले आदि किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक हो तो, संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

### जन सुराज पार्टी नौ अक्तूबर को बिहार चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करेगी

**पटना :** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर द्वारा स्थापित जन सुराज पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की 'पहली सूची' नौ अक्तूबर को जारी करेगी। पार्टी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जन सुराज प्रत्याशियों की पहली सूची 9 अक्तूबर को जारी की जाएगी।'' उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा चुनाव आयोग द्वारा जल्द ही किए जाने की संभावना है। प्रशांत किशोर (47) लगातार यह कहते रहे हैं कि वह बिहार के लिए एक 'नया राजनीतिक विकल्प' खड़ा कर रहे हैं, जिसे पारंपरिक दलों ने ''निराश'' किया है। महिलाओं, मुसलमानों और अति पिछड़े वर्गों (ईबीसी) को पर्याप्त टिकट देने का आश्वासन देने के अलावा किशोर ने यह भी संकेत दिया है कि पार्टी यदि निर्णय करती है तो वह स्वयं भी चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

## बिहार में एक करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 10 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी गई



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी जा चुकी है। नीतीश ने पटना में 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास 'संकल्प' में आयोजित कार्यक्रम में 25 लाख महिला लाभार्थियों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2,500 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 सितंबर को योजना की शुरुआत के मौके पर 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये अंतरित किए थे। नीतीश ने कहा, अब तक कुल एक करोड़ महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। आने वाले दिनों में बाकी लाभार्थियों को भी इसी तरह की सहायता दी जाएगी। राशि अंतरित करने के लिए अगली तिथि छह अक्टूबर निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का उद्देश्य हर परिवार की कम से कम एक महिला को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

## आईएसआई एजेंट के संपर्क में रहने वाला व्यक्ति पंजाब में गिरफ्तार, दो हथगोले बरामदः पुलिस

**चंडीगढ़ :** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के एजेंट के कथित संपर्क में रहने वाले एक व्यक्ति को पंजाब में गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से दो हथगोले बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, ''अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तरनतारन निवासी रविंदर सिंह उर्फ रवि को गिरफ्तार किया और उसके पास से दो हथगोले बरामद किए।'' उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान के कुछ आईएसआई एजेंट के संपर्क में था और उसे सीमा पार से यह खेप मिली थी। डीजीपी ने बताया कि इस मामले में अमृतसर के घरिंडा पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। यादव ने कहा, ''पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है।'' उन्होंने कहा, ''पंजाब पुलिस आतंकवादी नेटवर्क को निष्प्रभावी करने, संगठित अपराध को खत्म करने और पूरे राज्य में शांति एवं जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

## 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश' अभियान के तहत 21.5 लाख सुझाव प्राप्त हुए

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 अभियान' को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इस अभियान के तहत 21.5 लाख सुझाव मिले हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, अभियान के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्ध जनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघों, मीडिया और आम जनता से संवाद स्थापित किया है। इस दौरान लोगों को पिछले आठ वर्षों की विकास यात्रा से अवगत कराया जा रहा है और भविष्य के रोडमैप पर चर्चा कर बहुमूल्य सुझाव प्राप्त किए जा रहे हैं। बयान में कहा गया कि जनपदवार मिली जानकारी में संभल, महराजगंज, जौनपुर, सोनभद्र और हरदोई शीर्ष पांच जिलों में शामिल रहे, जबकि फिरोजाबाद, इटावा, ललितपुर, महोबा और संतकबीर नगर से सबसे कम सुझाव आए। इसमें कहा गया है कि समर्थ उप्र वेब पोर्टल पर अब तक लगभग 21.5 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनमें से करीब 16.5 लाख सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और लगभग पांच लाख सुझाव शहरी क्षेत्रों से आए हैं। आयु वर्ग के आधार पर देखें तो करीब 10 लाख सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग से, 10 लाख से अधिक 31 से 60 वर्ष आयु वर्ग से और एक लाख से अधिक 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से प्राप्त हुए हैं।

## बिहार मंत्रिमंडल ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ाने की घोषणा की

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों को दीपावली और छठ से पहले राहत देने के उद्देश्य से महंगाई भत्ता (डीए) की दर 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जो वित्त विभाग के प्रभारी हैं, ने कहा कि सरकार की ओर से इस 'त्योहारी उपहार' से चालू वित्त वर्ष में राज्य के खजाने पर 917.78 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। राज्य सरकार की ओर से मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार बैठक में कुल 129 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना भवन के सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) अरविंद कुमार चौधरी ने बताया संशोधित दर एक जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। इससे पहले एक जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक जुलाई से महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत किए जाने के बाद बिहार सरकार ने भी यह कदम उठाया है। एसीएस ने बताया इस फैसले से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 917.78 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उन्होंने कहा कि लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई से प्रभावित न होने देने और उन्हें समय पर राहत देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। अरविंद चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने राज्य में नाट्य एवं फिल्म शिक्षा के क्षेत्र में संस्थागत प्रशिक्षण केन्द्र की कमी को दूर करने के लिए बिहार फिल्म एवं नाट्य संस्थान की स्थापना का निर्णय लिया। उन्होंने कहा सरकार ने राजधानी पटना में पर्यटन के लिहाज से गुणवत्तापूर्ण आवास सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बांकीपुर बस स्टैंड परिसर की 3.24 एकड़ भूमि पर पांच सितारा होटल निर्माण के लिए सफल बोली लगाने वाले सरगा होटल प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) निर्गत करने की स्वीकृति प्रदान की।

## राजस्थान: पांच करोड़ रुपये मूल्य का 1,000 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त; दो तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान पुलिस के गैंगस्टर रोधी कार्यबल ने झुंझुनू जिला विशेष टीम के साथ मिलकर पांच करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 1,000 किलोग्राम गांजा जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रहार नामक यह अभियान बल को प्राप्त एक विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था, जिसके तहत ओडिशा से राजस्थान के शेखावाटी जाने वाली एक खेप पर नजर रखी गई थी। तस्कर एक कंटेनर ट्रक में प्रतिबंधित सामान ले जा रहे थे और उन्होंने इसे चालक की सीट के पीछे एक विशेष रूप से निर्मित चैंबर में छुपा रखा था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) दिनेश एमएन ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने झुंझुनू जिले के उदयपुरवाटी इलाके में नाकाबंदी की और वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को 1,014 किलोग्राम गांजे की बोरियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने बताया कि यह खेप शेखावाटी में मादक पदार्थों के माफिया राजू पचलेंगी और गोकुल के लिए थी। तस्करी नेटवर्क के दो प्रमुख सदस्यों को मौके से गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान सीकर निवासी सुभाष गुर्जर और प्रमोद गुर्जर के रूप में हुई। एडीजी ने कहा, यह सिर्फ जब्ती नहीं है, बल्कि मादक पदार्थों के संगठित कार्टेल के आपूर्ति नेटवर्क पर सर्जिकल स्ट्राइक है।

## बिहार विधानसभा चुनाव में राजग की बड़ी जीत होगी, जनता हर सवाल का जवाब वोट से देगी : केशव प्रसाद मौर्य



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल करेगा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मौर्य शुक्रवार को पटना पहुंचे, जहां पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मौर्य ने आगामी चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का भरोसा जताते हुए कहा, ''बिहार की जनता हर सवाल का जवाब वोट से देगी। राज्य के इतिहास में राजग की सबसे बड़ी जीत पहले हो चुकी है, उससे भी बड़ी जीत 2025 में होगी।'' उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार चुनाव का प्रभारी और केशव मौर्य को सह प्रभारी नियुक्त किया है। 'आई लव मोहम्मद' बयान को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी द्वारा भाजपा पर लगाए गए आरोपों पर मौर्य ने कहा कि जनता चुनाव में हर सवाल का जवाब देगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी विदेश जाकर भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाते हैं, जबकि इसी लोकतंत्र ने उन्हें संसद तक पहुंचाया है। विपक्ष के सवालों का जवाब भी जनता अपने वोट से देगी।''

# झारखंड में गंगा तट पर मृत डॉल्फिन मिली



**साहिबगंज (झारखंड) :** झारखंड के साहिबगंज जिले में गंगा के तट पर एक डॉल्फिन का शव मिला है। यह जानकारी वन अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। साहिबगंज के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) प्रबल गर्ग ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि स्थानीय मछुआरों से सूचना मिलने के तुरंत बाद वन अधिकारी मौके पर गए और शव को कब्जे में ले लिया। डीएफओ ने कहा, हमने डॉल्फिन (वैज्ञानिक रूप से प्लैटनिस्टा गैंगेटिका) के शव को पोस्टमार्टम के लिए तालझारी के निकटतम रेंज कार्यालय में भेज दिया है। यह स्तनपायी जीव वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची एक के तहत सूचीबद्ध है, जो इसे एक लुप्तप्राय प्रजाति बनाता है। वन अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया डॉल्फिन के शव पर किसी बाहरी चोट के निशान नहीं हैं। उन्होंने जल प्रदूषण के कारण उसकी मौत की संभावना से भी इनकार किया।

## अयोध्या में दुर्गा विसर्जन के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत, पांच घंटे बाद शव बरामद

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या जिले में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई जिसका पांच घंटे बाद शव बरामद किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान बीकापुर तहसील क्षेत्र के साल्हीपुर परसीपुर गांव निवासी संदीप (16) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, संदीप अपने परिजनों और ग्रामीणों के साथ दुर्गा देवी की प्रतिमा के विसर्जन के लिए गया था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और गोताखोरों की एक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने लगभग चार घंटे तक तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। लगभग पांच घंटे बाद, ग्रामीणों ने जाल की मदद से संदीप को पानी से बाहर निकाला। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि उसे तुरंत एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एडीएम ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन लोगों की डूबने से मौत, मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख

**आगरा (उप्र) :** आगरा जिले में उटंगन नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन लोग डूब गए और पांच अन्य लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लापता लोगों की तलाश के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के दलों के नेतृत्व में अभियान चलाया गया है। यह घटना खैरागढ़ इलाके में बृहस्पतिवार को उस समय घटी जब मूर्ति विसर्जित करने के लिए नौ लोग गहरे पानी में चले गए। इनमें से एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने बचा लिया लेकिन तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई जिनके शव को बरामद कर लिया गया है। मृतकों की पहचान गगन (26) और ओमपाल (32) और भगवती (20) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) अतुल शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि लापता लोगों की तलाश की जा रही है। इससे पहले जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कहा था कि छह लोग लापता हैं और स्थानीय गोताखोरों, पुलिसकर्मियों और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम को काम पर लगाया गया है। भगवती का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। बंगारी ने कहा कि प्रशासन ने विसर्जन के लिए एक विशिष्ट स्थान निर्धारित किया था लेकिन इन लोगों ने नदी में मूर्ति विर्सजन के लिए किसी अन्य जगह का चयन किया।

## बिहार: पूर्णिया में वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत, एक घायल



**पूर्णिया :** बिहार के पूर्णिया जिले में शुक्रवार तड़के पटरी पार करते समय वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्णिया जंक्शन के स्टेशन प्रबंधक मुन्ना कुमार ने कहा कि यह हादसा सुबह करीब चार बजे कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर हुआ। मुन्ना कुमार ने कहा, ''लोगों का एक समूह पटरियां पार करने की कोशिश कर रहा था। अंधेरा और आसमान में बादल छाए होने के कारण वे समय रहते तेज गति से आ रही ट्रेन के प्रति सतर्क नहीं हो सके।'' उन्होंने बताया कि एक मात्र जीवित बचे व्यक्ति को इलाज के लिए पूर्णिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की उम्र 14 से 18 वर्ष के बीच बताई जा रही है और सभी पूर्णिया जिले के कसबा प्रखंड के निवासी थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## झारखंड में अलग-अलग सड़क हादसों में खेल शिक्षक समेत तीन लोगों की मौत

**लातेहार/चाईबासा (झारखंड) :** झारखंड में पिछले 24 घण्टों में अलग-अलग सड़क आदसों में एक खेल शिक्षक और दो श्रमिकों की मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राज्य के लातेहार जिले के मेनका थाना क्षेत्र के मेनका डिग्री कॉलेज के पास शुक्रवार को एक पिकअप वैन एवं मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में 27 वर्षीय खेल शिक्षक कोमल टोपनो की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि टोपनो गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें मेनका स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें लातेहार स्थित सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। एक अन्य घटना में, बृहस्पतिवार की रात पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत चाईबासा-टाटा मुख्य मार्ग पर भादुड़ी गांव के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने एक मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे इस पर सवार दो श्रमिकों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान अजय समद (34) और कुलदीप तमसोई (26) के रूप में हुई है। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा स्थित सदर अस्पताल भेज दिया।

# झारखंड में भारी बारिश, पांच जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी



**रांची :** भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने झारखंड के पांच जिलों- गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा और हजारीबाग- में भारी बारिश को लेकर आरेंज अलर्ट (तैयार रहें) जारी किया है। जबकि राज्य के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य में एक अक्टूबर से शुरू हुई मानसून की वापसी के बाद की अवधि में तीन अक्टूबर तक 11.7 मिलीमीटर सामान्य बारिश के मुकाबले 46 मिमी तक बारिश हुई है। पिछले 24 घंटों में जामताड़ा जिले के करमाटांड में सबसे अधिक 73.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। विभाग ने बताया कि गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा और हजारीबाग जिलों के लिए चार अक्टूबर तक 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया गया है। कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची और लोहरदगा के लिए चार अक्टूबर तक 'येलो' अलर्ट भी जारी किया गया है। बृहस्पतिवार को राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में भारी बारिश हुई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा, छह अक्टूबर को कई जगहों पर हल्की से मध्यम और कुछ जगहों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। कल राज्य में ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम और कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

## अयोध्या में भाजपा के पूर्व पार्षद को संपत्ति विवाद में गोली मारी, हालत गंभीर

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या के रामघाट चौराहे के करीब बाइक सवार बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पूर्व पार्षद को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अयोध्या में बृहस्पतिवार की रात दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान रामघाट चौराहे के पास बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर नगर निगम के पूर्व पार्षद आलोक सिंह (30) को गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अयोध्या के सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के पीछे संपत्ति से जुड़ा विवाद सामने आया है। अयोध्या के पुलिस अधीक्षक (नगर) चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा, घायल का अभी भी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है और पुलिस ने गोली चलाने वाले उनके साथी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया, घटना के पीछे उनके ही साथियों से प्रॉपर्टी डीलिंग को लेकर विवाद सामने आया है। इसी बात को लेकर उनके बीच कई दिनों से तनाव चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, रामघाट चौराहा निवासी भाजपा के पूर्व पार्षद आलोक सिंह अपने कुछ परिचितों के साथ घर के पास खड़े थे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। आलोक सिंह ने जान बचाने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा करके उन्हें गोली मार दी गई, जिससे वह वहीं गिर पड़े।

## मथुरा में संपत्ति विवाद को लेकर युवक की गोली मारकर हत्या, नौ लोग हिरासत में लिए गए

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा जिले के छाता थाना क्षेत्र में गोवर्धन पुल के नीचे अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आशंका जताई कि ईर्ष्या और संपत्ति विवाद के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार की रात अजीत (26) नामक एक युवक को कथित तौर पर रेलवे लाइन के पास गोवर्धन जाने वाले फ्लाईओवर पर बुलाया गया, जहां उसे गोली मार दी गई। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हत्या का कारण स्थानीय ईर्ष्या और संपत्ति को लेकर पारिवारिक विवाद है।

### बागपत में एक महिला से दुष्कर्म करने और फिर उसका धर्मांतरण कराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**बागपत (उप्र) :** बागपत जिला मुख्यालय की कोतवाली पुलिस ने कथित तौर पर एक महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल करके उसका धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में थाना कोतवाली में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन अधिनियम तथा अन्य संबंधित धाराओं में दर्ज मुकदमे के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अल्ताफ उर्फ गुड्डू (27) निवासी मोहल्ला अर्जुनपुरम, कस्बा बागपत तथा नौशाद अली उर्फ राजा उर्फ अखलाक (35) निवासी मोहल्ला केतीपुरा, पुराना कस्बा बागपत (हाल पता - घनश्याम दास रोड, सुधीर बफम खाना के सामने, बागपत) के रूप में हुई है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाराष्ट्र में दुकानों, रेस्तरां को 24 घंटे खोलने की अनुमति; शराब की दुकान सूची में नहीं

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने आवासीय होटल, रेस्तरां, भोजनालय, थिएटर, सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों सहित दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को पूरे राज्य में 24 घंटे खुले रहने की अनुमति दे दी है। इस संबंध में एक अक्टूबर को जारी सरकारी आदेश (जीआर) में हालांकि यह स्पष्ट कर दिया गया है कि शराब की बिक्री एवं आपूर्ति से जुड़े प्रतिष्ठान 24 घंटे नहीं खुलेंगे। इनमें वाइन शॉप, बीयर बार, डांस बार, हुक्का पार्लर, डिस्कोथेक और परमिट रूम शामिल हैं। इसमें कहा गया कि दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान सप्ताह के सभी दिन खुले रह सकते हैं, बशर्ते कि प्रत्येक कर्मचारी को सप्ताह में कम से कम 24 घंटे का निरंतर विश्राम दिया जाए। उपर्युक्त प्रतिष्ठानों के कामकाजी घंटे सीमित ही रहेंगे। इससे पहले 19 दिसंबर 2017 को जारी अधिसूचना में राज्य सरकार ने परमिट रूम, बीयर बार, डांस बार, हुक्का पार्लर, डिस्कोथेक और शराब बेचने वाले सभी प्रतिष्ठानों के साथ-साथ वाइन शॉप, थिएटर और सिनेमा हॉल के खुलने और बंद होने का समय तय कर दिया था।

### महाराष्ट्र : करीब 147 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किये गए

**ठाणे/पालघर :** महाराष्ट्र के ठाणे, पालघर और मीरा भयंदर वसई विरार (एमबीवीवी)की पुलिस इकाइयों ने एक संयुक्त अभियान में करीब 147 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन, कोकीन, मेफेड्रोन के साथ-साथ कोडीन-आधारित प्रतिबंधित खांसी के सिरप नष्ट किये। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नष्ट की गई प्रतिबंधित सामग्री में 1,056 किलोग्राम मादक पदार्थ और 26,935 लीटर कोडीन-आधारित कफ सिरप शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एमबीवीवी पुलिस ने 27 मामलों में जब्त की गई 29.76 करोड़ रुपये मूल्य की 240 किलोग्राम मादक पदार्थ को नष्ट कर दिया जबकि पालघर पुलिस ने 16 लाख रुपये मूल्य के 204 किलोग्राम गांजे को जला दिया।

### उत्तराखंड में वन्यजीव हमले में मौत पर परिजनों को 10 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी : धामी

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को वन्यजीव हमले में जनहानि होने पर परिजनों को दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की घोषणा की। यहां देहरादून चिड़ियाघर में वन्यजीव प्राणी सप्ताह की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वन्यजीवों के हमले में जनहानि होने पर परिजनों को सहायता राशि के रूप में 10 लाख रुपये दिया जाएगा। उत्तराखंड में वन्यजीवों के हमले में मृत्यु होने पर फिलहाल छह लाख रुपये का मुआवजा दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के सामूहिक प्रयासों से बाघ, गुलदार, हाथी, हिम तेंदुए जैसे वन्य प्राणियों की संख्या में उत्साहजनक वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं ।

### एएआईबी का एअर इंडिया विमान दुर्घटना जांच दल में पायलट समूह के प्रतिनिधि को शामिल करने से इनकार

**मुंबई/नयी दिल्ली :** पायलट समूह 'एएलपीए इंडिया' ने शुक्रवार को कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच कर रही टीम में उसके प्रतिनिधि को सरकारी मानदंडों का हवाला देते हुए शामिल करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। जून में हुई इस दुर्घटना में 260 लोग मारे गए थे। 'एयरलाइन पायलट एसोसिएशन (एएलपीए) इंडिया' के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में एएआईबी के महानिदेशक जीवीजी युगांधर के साथ बैठक की। चर्चा मुख्य रूप से विमान दुर्घटना जांच में विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति पर केंद्रित रही। बैठक के बाद, एएलपीए इंडिया के अध्यक्ष सैम थॉमस ने कहा कि जारी जांच के कारण एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर अधिक चर्चा नहीं हुई। उन्होंने बताया, ''एएआईबी ने सरकारी मानदंडों का हवाला देते हुए, एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच कर रही टीम में एएलपीए के पायलट को विषय विशेषज्ञ के रूप में शामिल करने में असमर्थता जताई।''

# आजादी के बाद कांग्रेस खादी को भूल गयी, मोदी सरकार ने उसे बढ़ावा देने का प्रण लिया : अमित शाह

**रोहतक :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि खादी केवल पोशाक नहीं होती, बल्कि 'स्वदेशी' और 'आत्मनिर्भरता' की भावना होती है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह आजादी के बाद खादी को भूल गई और उसे बढ़ावा देने के लिए कुछ नहीं किया। गृह मंत्री ने शुक्रवार को यहां 'खादी कारीगर महोत्सव' को संबोधित करते हुए यह बात कही। इससे पहले उन्होंने रोहतक में नवनिर्मित साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। देश पर कई दशकों तक राज करने वाली कांग्रेस का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस खादी को भूल गई। उन्होंने ने यहां 'खादी कारीगर महोत्सव' कार्यक्रम के दौरान कहा, ''उसने (कांग्रेस ने)



खादी पर ध्यान नहीं दिया और उसके प्रचार-प्रसार के लिए कुछ नहीं किया।'' नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा खादी के प्रचार-प्रसार के लिए उठाये गये कदमों का जिक्र करते हुए गृहमंत्री ने कहा,''मुझे लगता है कि पिछले 11 वर्ष में जो काम किया गया है अगर वह आजादी के बाद लगातार किया गया होता तो हमारे देश को बेरोजगारी की समस्या का सामना कभी नहीं करना पड़ता।'' खादी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बृहस्पतिवार को 'गांधी जयंती' मनाई गई। गृहमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गरीबी दूर करने, देश को आत्मनिर्भर बनाने, देश को स्वदेशी का विचार देने और देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए खादी का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा खादी के क्षेत्र में की गयी शुरुआत ने देश के लाखों बुनकरों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा दिए गए 'खादी मंत्र' ने स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी। शाह ने कहा, ''लेकिन इसके बाद, कांग्रेस खादी को भूल गई।'' उन्होंने कहा कि जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने खादी को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि बाद में प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को खादी का उपयोग करने का संदेश दिया।

## भारत में हर साल 51 लाख लोगों के चिकनगुनिया की चपेट में आने की आशंका: शोध

**नयी दिल्ली :** भारत को लंबे समय में चिकनगुनिया के सबसे बड़े प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे हर साल 51 लाख लोगों को इस मच्छर जनित संक्रमण का खतरा हो सकता है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (बीएमजे) वैश्विक स्वास्थ्य नामक पत्रिका में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। अध्ययन के मुताबिक ब्राजील और इंडोनेशिया दूसरे तथा तीसरे सबसे अधिक प्रभावित देश हो सकते हैं। भारत और ब्राजील में इस बीमारी के कारण स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों तथा व्यक्तियों पर पड़ने वाले वैश्विक प्रभाव का 48 प्रतिशत हिस्सा है। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किया गया यह अध्ययन बताता है कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभाव सबसे बड़ी चिंता का विषय होगा, तथा मौजूदा साक्ष्यों से पता चलता है कि लगभग 50 प्रतिशत प्रभावित लोग संभवतः दीर्घकालिक दिव्यांगता से जूझ रहे हैं। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि दुनिया भर में प्रति वर्ष 1.40 करोड़ से अधिक लोग दीर्घावधि में चिकनगुनिया संक्रमण के खतरे में रह सकते हैं। इस अध्ययन के सहलेखक सुशांत सहस्त्रबुद्धे ने कहा, ''चिकनगुनिया जैसे विषाणुओं के वाहकों का संभावित प्रसार, वर्षों तक अनुसंधान करने के बाद भी नहीं रुकेगा। इसलिए यह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जिस मॉडल पर हम काम कर रहे हैं, उसे वास्तविक समय में साझा किया जाए और उसका उपयोग किया जाए, ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों को मौजूदा चुनौतियों का प्रबंधन करने और भविष्य के लिए तैयारी करने में मदद मिल सके।'' सुशांत सहस्त्रबुद्धे दक्षिण कोरिया के अंतरराष्ट्रीय वैक्सीन संस्थान में नवाचार, पहल और उद्यम विकास के एसोसिएट महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

### जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित किया जाएगा : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 'फेसबुक लाइव' में कहा कि आयोग का नेतृत्व गुवाहाटी उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौमित्र सैकिया करेंगे। उन्होंने कहा, ''हम कल आयोग का गठन करेंगे। अब हम उन सभी लोगों से अनुरोध करते हैं जिनके पास जुबिन गर्ग की मौत से संबंधित कोई भी जानकारी या वीडियो है, वे आगे आएं और आयोग के समक्ष गवाही दें।'' जुबिन की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई देश गए थे। जुबिन की मौत को लेकर राज्य भर में 60 से अधिक प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मौजूदा समय मे सीआईडी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

## वैष्णव एवं जापान के परिवहन मंत्री ने सूरत में बुलेट ट्रेन निर्माण स्थल का दौरा किया

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और जापान के परिवहन मंत्री हिरोमासा नाकानो ने आगामी बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा के लिए शुक्रवार को सूरत में हाई-स्पीड रेल निर्माण स्थल का दौरा किया। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा भारत के पहले हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर को अमलीजामा पहनाने में भारत और जापान के बीच मजबूत सहयोग को दर्शाती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''माननीय मंत्रियों ने ट्रैक स्लैब बिछाने वाली कार और ट्रैक स्लैब समायोजन सुविधा समेत परियोजना के प्रमुख घटकों की समीक्षा की।'' मंत्रालय ने कहा है, ''दोनों मंत्रियों ने गुणवत्ता मानकों के पालन पर संतोष व्यक्त किया तथा निर्माण की तीव्र गति की सराहना



की।'' 'नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (एनएचएसआरसीएल) भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना को हकीकत का रूप देने में जुटा है। उसका कहना है कि 508 किलोमीटर लंबा मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर महाराष्ट्र और गुजरात के बीच तीव्र संपर्क प्रदान करेगा। एनएचएसआरसीएल के एक अधिकारी ने कहा, '' महाराष्ट्र के बांद्रा कुर्ला परिसर (बीकेसी) क्षेत्र से शुरू होने के बाद, 320 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलने वाली हाई-स्पीड ट्रेन इस क्षेत्र में अंतर-शहर यात्रा में क्रांति लाएगी तथा मुंबई, वापी, सूरत, आनंद, वडोदरा और अहमदाबाद की अर्थव्यवस्थाओं को आपस में जोड़ेगी।'' उन्होंने कहा, '' यह मार्ग बोईसर, भरूच और अंकलेश्वर जैसे औद्योगिक शहरों और आगामी वधावन बंदरगाह (बोईसर स्टेशन के माध्यम से) को हाई-स्पीड रेल संपर्क प्रदान करेगा। बुलेट ट्रेन बीच में 10 शहरों--ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद में रुकेगी और साबरमती उसका आखिरी पड़ाव होगा।'' रेल मंत्रालय ने कहा कि पूरी यात्रा सीमित ठहरावों (सूरत, वडोदरा और अहमदाबाद) के साथ लगभग दो घंटे सात मिनट में पूरी हो जाएगी, जो पारंपरिक ट्रेनों या सड़क यात्रा से लगने वाले समय से काफी कम है। हाल में वैष्णव ने कहा था कि पूरी बुलेट ट्रेन परियोजना 2029 के अंत तक पूरी हो जाएगी।

## जैन समुदाय नगण्य संख्या के बावजूद कर राजस्व में 24 प्रतिशत का योगदान देता है : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि जैन समुदाय भारत की कुल आबादी का मात्र 0.5 प्रतिशत है लेकिन कुल कर संग्रह में उसका योगदान 24 प्रतिशत है। राजनाथ सिंह ने यहां तीन दिवसीय कार्यक्रम 'जीतो (जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन) कनेक्ट 2025' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जैन समुदाय को दुनिया में एक मेहनती और समृद्ध समाज माना जाता है। उन्होंने कहा कि जैन समुदाय का दर्शन भारतीय संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है तथा इसका इतिहास भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा में एक अनमोल अध्याय है। सिंह ने




कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था में जैन समुदाय का योगदान उल्लेखनीय है। उनकी जनसंख्या 0.5 प्रतिशत है लेकिन कुल कर संग्रह का लगभग 24 प्रतिशत उनसे आता है।'' उन्होंने कहा कि चाहे औषधि क्षेत्र हो, विमानन हो या शिक्षा क्षेत्रल- जैन समुदाय सभी में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि खिलौनों से लेकर टैंकों तक, भारत सब कुछ बना रहा है और वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया के कारखाने के रूप में उभरेगा।

## वाइस एडमिरल गोखले ने नौसेना की पश्चिमी कमान के 'चीफ ऑफ स्टाफ' का कार्यभार संभाला

**मुंबई :** वाइस एडमिरल राहुल विलास गोखले ने नौसेना की पश्चिमी कमान के 'चीफ ऑफ स्टाफ' का पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नौवहन और दिशा-निर्देशन के विशेषज्ञ गोखले ने एक अक्टूबर को पदभार ग्रहण किया। एक रक्षा विज्ञप्ति के अनुसार, अपनी वर्तमान भूमिका से पहले उन्होंने भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े की कमान संभाली थी। गोखले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला, पुणे; रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन; नौसेना युद्ध कॉलेज, गोवा और ऑस्ट्रेलियन डिफेंस कॉलेज, कैनबरा के पूर्व छात्र हैं। उनकी कमान नियुक्तियों में आईएनएस



कोरा के कार्यकारी अधिकारी, आईएनएस खुकरी और आईएनएस कोलकाता के कमान अधिकारी शामिल हैं। वह पूर्वी बेड़े के बेड़ा संचालन अधिकारी भी रह चुके हैं।

## विनिर्माण संयंत्रों से नए वाहनों को सीधे घाटी लेकर पहुंची नई ट्रेन

**श्रीनगर :** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल से शुक्रवार को कश्मीर को पहला 'ऑटोमोबाइल रेक' मिला, जो विनिर्माण संयंत्रों से सीधे नई गाड़ियों को घाटी लेकर पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मारुति सुजुकी के मानेसर संयंत्र में निर्मित 116 वाहनों को लेकर ट्रेन शुक्रवार सुबह दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग स्थित माल गोदाम पहुंची। कश्मीर में वाहनों के परिवहन की दिशा में यह 'ऑटोमोबाइल रेक' एक मील का पत्थर साबित हुआ है। रेल सेवाओं के अभाव में नए वाहनों को ज्यादातर जम्मू से घाटी में स्थित बिक्री केंद्रों तक पहुंचाना पड़ता था। लगभग 300 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर



जम्मू से नए वाहनों के परिवहन में अक्सर मुश्किलें आती थीं, खासकर सर्दियों के मौसम में जब खराब मौसम और भूस्खलन के कारण सड़क अक्सर बंद रहती थी। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि ट्रेन के माध्यम से कश्मीर घाटी के लिए वाहनों की पहली खेप भेजने के साथ ही कंपनी भारत की पहली ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी बन गई है, जिसने इस क्षेत्र में वाहन भेजने के लिए भारतीय रेलवे की सेवाओं का उपयोग किया है। प्रवक्ता ने कहा, ब्रेजा, डिजायर, वैगनआर और एस-प्रेसो जैसी 100 से अधिक मारुति सुजुकी कारों को लेकर यह पहली ट्रेन हाल ही में शुरू की गई मानेसर संयंत्र की रेलवे लाइन शाखा से रवाना हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोगों के जीवन और अर्थव्यवस्था के लिए रेलवे लाइन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि रेलवे लाइन जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम है। मंत्री ने कहा, हाल के दिनों में, घाटी से सेबों की ढुलाई जम्मू-कश्मीर रेल संपर्क के माध्यम से की गई है। अब, मारुति सुजुकी कारों को रेल द्वारा कश्मीर घाटी पहुंचाया जाएगा। जम्मू-श्रीनगर रेलवे लाइन जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव है।

## एनसीईआरटी ने स्वदेशी पर केंद्रित मॉड्यूल शुरू किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 'स्वदेशी' पर विशेष मॉड्यूल जारी किया है, जिसमें 1905 से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भरता के आह्वान तक इस आंदोलन की यात्रा को दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष लाल किले की प्राचीर से अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार बताया था। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री ने पिछले महीने कहा था कि शिक्षक आमतौर पर अपने छात्रों को होमवर्क देते हैं, लेकिन वह बदलाव के लिए शिक्षकों को एक होमवर्क देना चाहते हैं - वह है स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देने के लिए अपने छात्रों के साथ अभियान का नेतृत्व करना। एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित दो मॉड्यूल - स्वदेशी: वोकल फॉर लोकल (मिडिल चरण के लिए) और स्वदेशी: आत्मनिर्भर भारत के लिए (माध्यमिक चरण के लिए) - में प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के अंश शामिल हैं, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि आत्मनिर्भरता भारत को विकसित भारत की ओर ले जाएगी। मॉड्यूल में कहा गया, स्वदेशी आंदोलन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शुरू हुआ जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया।...स्वदेशी के नारे ने लोगों से आयातित वस्तुओं को अस्वीकार करने और भारतीय निर्मित उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया।

## 2023 में बाल विवाह के मामलों में छह गुना वृद्धि, 17000 लड़कियां 'विवाह' वास्ते अगवा की गयीं

**नयी दिल्ली :** देश में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत 2023 में उसके पिछले वर्ष की तुलना में छह गुना अधिक मामले दर्ज किये गये जिनमें करीब 90 प्रतिशत मामले अकेले असम के हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने अपने नवीनतम आंकड़ों में यह खुलासा किया है। ब्यूरो ने यह भी उजागर किया है कि 2023 में 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का 'विवाह के लिए' अपहरण किया गया या अगवा किया गया। एनसीआरबी की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में इस



एआई फोटो

अधिनियम के तहत 6,038 मामले दर्ज किए गए, जो 2022 में 1,002 और 2021 में 1,050 थे। इनमें से असम में 5,267 मामले सामने आए, जिससे यह सबसे ज़्यादा ऐसे मामलों वाला राज्य बन गया। सूची में ज़्यादा संख्या वाले अन्य राज्य तमिलनाडु (174), कर्नाटक (145) और पश्चिम बंगाल (118) हैं। वैसे, छत्तीसगढ़, नगालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप जैसे कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस अवधि में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 में बना था जो 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों और 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों के विवाह पर प्रतिबंध लगाता है तथा ऐसे विवाहों का आयोजन, संचालन या उसे सुगम बनाने वालों को अपराधी की श्रेणी में डालता है।

## ऑनलाइन गेम खेलते समय बेटी से नग्न तस्वीरें भेजने को कहा गया : अक्षय कुमार

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने शुक्रवार को कहा कि उनकी किशोर बेटी को मोबाइल पर ऑनलाइन वीडियो गेम खेलते समय उसकी नग्न तस्वीर भेजने के लिए कहा गया था, लेकिन उसने सूझबूझ दिखाते हुए डिवाइस बंद कर दिया। अभिनेता ने मुंबई में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के समक्ष इस परेशान करने वाली घटना को साझा किया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। घटना का वर्णन करते हुए अभिनेता ने कहा कि कुछ महीने पहले उनकी बेटी ऑनलाइन वीडियो गेम खेल रही थी, तभी उसका संपर्क एक अज्ञात व्यक्ति से हुआ, जिसने शुरुआत में दोस्ताना और उत्साहवर्धक संदेश



भेजे। अभिनेता ने बताया कि इसके बाद उस व्यक्ति ने अचानक उनकी बेटी से उसकी नग्न तस्वीर भेजने को कहा। अक्षय कुमार ने बताया कि उसने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत मोबाइल फोन बंद कर दिया और अपनी मां के पास गई तथा उन्हें घटना के बारे में बताया। अभिनेता ने कहा कि उनकी बेटी की सतर्कता ने उसे साइबर अपराधियों का शिकार होने से बचा लिया। दक्षिण मुंबई स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में 'साइबर जागरुकता माह' के उद्घाटन के बाद अभिनेता ने फडणवीस से अनुरोध किया कि राज्य में कक्षा सात से 10 तक के छात्रों को उनके स्कूलों में साइबर जागरुकता सिखाई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जब उनकी बेटी ने ऑनलाइन गेम खेलना शुरू किया तो कुछ देर बाद दूसरी तरफ से आए व्यक्ति ने उससे पूछा कि वह कहां है और उसने जवाब दिया कि वह मुंबई से है। अक्षय कुमार ने बताया कि कुछ देर बाद उस व्यक्ति ने उससे अपनी नग्न तस्वीरें भेजने को कहा। उन्होंने आगे कहा, उसने तुरंत अपना मोबाइल बंद कर दिया और अपनी मां के पास जाकर उन्हें पूरी बात बताई।

### लद्दाख हिंसा : वांगचुक की रिहाई के लिए उनकी पत्नी ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया

**नयी दिल्ली :** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुक) के तहत पति की हिरासत को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और उन्हें तत्काल रिहा करने का अनुरोध किया है। वांगचुक को लद्दाख में प्रदर्शनों के दो दिन बाद 26 सितंबर को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया था। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर उस केंद्र शासित प्रदेश में हुए विरोध प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे। वांगचुक राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद हैं। वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा और वकील सर्वम रितम खरे के माध्यम से दायर अपनी याचिका में अंगमो ने वांगचुक के खिलाफ रासुका लगाने के फैसले पर भी सवाल उठाया है।

## घरेलू हवाई यातायात अगस्त में घटकर 1.29 करोड़ पर : डीजीसीए


**नयी दिल्ली :** घरेलू विमानन कंपनियों में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या अगस्त में घटकर 1.29 करोड़ रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 1.31 करोड़ थी। हाल ही में जारी किए गए अधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। हालांकि, मासिक आधार पर अगस्त में यात्रियों की संख्या बढ़कर 1.29 करोड़ हो गई, जो जुलाई में 1.26 करोड़ थी। इंडिगो का घरेलू बाजार जुलाई में 65.2 प्रतिशत था जो अगस्त में घटकर 64.2 प्रतिशत पर आ गया, जबकि एअर इंडिया समूह का बाजार इसी अवधि के दौरान 26.2 प्रतिशत से बढ़कर 27.3 प्रतिशत हो गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अगस्त के लिए अपनी मासिक यातायात रिपोर्ट में कहा, ''जनवरी-अगस्त 2025 के बीच 1,107.26 लाख लोगों ने घरेलू विमानन




कंपनियों की सेवाएं लीं। पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह संख्या 1054.66 लाख थी। इसमें सालाना आधार पर 4.99 प्रतिशत की वृद्धि और मासिक आधार पर 1.40 प्रतिशत की गिरावट आई।'' अगस्त में यात्रियों की संख्या 1.29 करोड़ रही, जो एक साल पहले इसी माह में दर्ज 1.31 करोड़ से कम है। इस बीच, अकासा एयर की बाजार हिस्सेदारी अगस्त में घटकर 5.4 प्रतिशत रह गई, जो पिछले महीने (जुलाई) 5.5 प्रतिशत थी। स्पाइसजेट की हिस्सेदारी दो प्रतिशत पर बरकरार रही। अगस्त में सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी एलायंस एयर की बाजार हिस्सेदारी घटकर 0.3 प्रतिशत रह गई जो जुलाई में 0.4 प्रतिशत थी। स्टार एयर और फ्लाई91 की बाजार हिस्सेदारी क्रमशः 0.5 प्रतिशत और 0.2 प्रतिशत पर बरकरार रहीं। अनुसूचित घरेलू विमानन कंपनियों को कुल 1,407 यात्री-संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा अगस्त में प्रति 10,000 यात्रियों पर शिकायतों की संख्या लगभग 1.09 थी। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार अगस्त महीने में उड़ानों में देरी के कारण कुल 74,381 यात्री प्रभावित हुए और इस दौरान विमानन कंपनियों ने यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए कुल 1.18 करोड़ रुपये खर्च किए। उड़ान रद्द होने से 36,362 यात्री प्रभावित हुए जिसके लिए विमानन कंपनियों ने मुआवजे और सुविधाओं पर 64.51 लाख रुपये खर्च किए।

## गुजरात एटीएस ने वापी से 30 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया, एक गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने वलसाड जिले के वापी में एक घर से करीब छह किलोग्राम मेफेड्रॉन जब्त कर इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत 30 करोड़ रूपये आंकी गयी है। कानून प्रवर्तन एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुजरात एटीएस ने बताया कि बृहस्पतिवार को दमन अपराध शाखा के साथ मिलकर चलाए गए एक संयुक्त अभियान में उसने केंद्र शासित प्रदेश दमन, दीव और दादरा के पड़ोसी दमन जिले में एक फार्महाउस से 300 किलोग्राम कच्चा माल और प्रतिबंधित सामान बनाने में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न उपकरण भी जब्त किए। एटीएस ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि आरोपी मेहुल ठाकुर, विवेक राय और मोहनलाल पालीवाल दमन के पास एक फार्महाउस में प्रतिबंधित



सामान तैयार कर रहे हैं और इसे वापी के चाला रोड इलाके में मनोज सिंह ठाकुर नामक व्यक्ति के घर में रख रहे हैं। उसने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दमन अपराध शाखा और वलसाड स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस-ओजी) के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया गया और वापी में बंगले और मोती दमन में फार्महाउस पर छापेमारी की गई। एटीएस ने बताया कि जब्त किए गए 5.9 किलोग्राम मेफेड्रोन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 30 करोड़ रुपये है।

### अंडमान स्थित भारत का एकमात्र मिट्टी का ज्वालामुखी 20 साल बाद फिर सक्रिय

**पोर्ट ब्लेयर :** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बाराटांग में दो दशक से अधिक समय से निष्क्रिय भारत का एकमात्र मिट्टी का ज्वालामुखी (मड वोल्केनो) फिर से सक्रिय हो गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को यह ज्वालामुखी बहुत ही भयानक ध्वनि के साथ फटा। अधिकारी ने कहा, ''यहां का मिट्टी का ज्वालामुखी धरती के अंदर सड़ रहे जैविक पदार्थों से उत्पन्न गैसों से बनता है। ये गैसें मिट्टी और गैस को सतह पर धकेलती हैं, जिससे बुलबुले बनते हैं और गड्ढों की संरचना उभरती है। यह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के दर्शनीय स्थलों में से एक है।''

# जुरेल, जडेजा और राहुल की शतकीय पारियों से भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा



**अहमदाबाद :** विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (125), हरफनमौला रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (100) की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल कर ली। वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर सिमट गई थी, ऐसे में भारत ने अब तक 286 रन की विशाल बढ़त ले ली है।

दिन का खेल समाप्त होने तक जडेजा 176 गेंद पर नाबाद 104 रन बनाकर वाशिंगटन सुंदर (9 रन) के साथ क्रीज पर टिके थे। जडेजा और जुरेल ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन जोड़कर भारतीय पारी को मजबूती प्रदान की और वेस्टइंडीज की वापसी की राह लगभग बंद कर दी। चौबीस वर्षीय जुरेल ने शानदार धैर्य और तकनीक का परिचय देते हुए 190 गेंद पर अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने 210 गेंदों की अपनी पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। दूसरी ओर, जडेजा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए 176 गेंदों पर अब तक छह चौके और पांच छक्के लगाए। जुरेल शतक के बाद आक्रामक हुए और खारे पियरे की गेंद पर कैच देकर आउट हुए। पियरे के टेस्ट करियर का यह पहला विकेट रहा। इससे पहले लोकेश राहुल ने 197 गेंदों की शानदार पारी खेलते हुए 100 रन बनाए। घरेलू सरजमीं पर यह उनका नौ साल बाद पहला शतक रहा। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके लगाए। राहुल ने कप्तान शुभमन गिल (50) के साथ तीसरे विकेट के लिए 98 रन जोड़े। गिल अर्धशतक पूरा करने के बाद रोस्टन चेज की गेंद पर आउट हुए। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 121 रन से की थी। राहुल और गिल ने सधी हुई बल्लेबाजी कर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। गिल ने 94 गेंदों पर आठवां अर्धशतक पूरा किया, जबकि राहुल ने 190 गेंदों पर शतक जड़ा। दोनों बल्लेबाजों ने अच्छी गेंदों को सम्मान दिया और कमजोर गेंदों पर रन बटोरे। इसके बाद जुरेल और जडेजा की साझेदारी ने पूरी तरह से मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने वारिकन और अन्य स्पिनरों की रणनीति पर पानी फेरते हुए बड़े शॉट्स खेले और लगातार रन चुराते रहे। जडेजा ने 168 गेंदों पर अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। पिच पर गेंदबाजों के पैर के निशान से मिल रही असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार टालना भी बेहद मुश्किल दिख रहा है। भारत की बढ़त और जुरेल-जडेजा की शतकीय साझेदारी ने टीम को जीत की मजबूत दावेदारी पर खड़ा कर दिया है।

### मैंने कड़ी मेहनत का आनंद लेने और शतक बनाने पर काम किया है: केएल राहुल

भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने एक दशक से भी ज्यादा के करियर में घरेलू मैदान पर सिर्फ दो टेस्ट शतक जड़े हैं लेकिन उन्होंने शुक्रवार को कहा कि वह इसे सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दिन का खेल खत्म होने के बाद जब राहुल से घरेलू मैदान पर बने सिर्फ दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''नहीं पता, सच में। लेकिन मैंने पिछले एक साल में अपनी बल्लेबाजी की लय बनाए रखने पर काम किया है। बस उन सभी दौर का आनंद ले रहा हूं जो मेरे लिए इतने रोमांचक नहीं होते।''

### ध्रुव जुरेल ने अपना पहला टेस्ट शतक भारतीय सेना को समर्पित किया

विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक भारतीय सेना को समर्पित करते हुए कहा कि उनके मन में हमेशा 'रणभूमि में उनके योगदान के लिए सम्मान' रहा है। बल्ले से अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा 24 वर्षीय जुरेल ने अर्धशतक और फिर शतक पूरा करने के बाद जश्न मनाने के अपने तरीके से सबका ध्यान खींचा। जुरेल के पिता भारतीय सेना में रहे है और वह कारगिल युद्ध में शामिल थे। उन्होंने अर्धशतक और शतक पूरा करने के बाद सलामी देने की मुद्रा के साथ अपने पिता और भारतीय सेना को सम्मान दिया। इस 24 साल के खिलाड़ी ने कहा, '' अर्धशतक पूरे होने पर सलामी मेरे पिता के लिए थी। मैं भारतीय सेना के बहुत करीब रहा हूं, मैंने अपने पिता को बचपन से देखा है इस लिए यह मेरे दिमाग में बहुत पहले था कि शतक सेना को समर्पित करूं।''

## मीराबाई चानू ने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता



**फोर्डे (नॉर्वे) :** स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने यहां विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में उनका शानदार रिकॉर्ड और मजबूत हो गया, जहां वह पहले भी दो बार पदक जीत चुकी हैं। चानू 2017 की विश्व चैंपियन और 2022 की रजत पदक विजेता हैं, उन्होंने कुल 199 किग्रा (स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा) वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क में पूर्व विश्व रिकॉर्ड धारक चानू ने 109 किग्रा, 112 किग्रा और 115 किग्रा भार आसानी से उठाया। पिछली बार उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में 115 किग्रा भार उठाया था, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। चानू ने कहा, ''मैं पोडियम पर जगह पाकर खुश हूं। अगस्त में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मेरे पिछले प्रदर्शन के बाद इससे मुझे आने वाले वर्ष के लिए बहुत आत्मविश्वास मिला है।'' उन्होंने कहा, ''अब हर प्रतियोगिता 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की मेरी तैयारी का हिस्सा है। आगामी राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल उस यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव होंगे। मेरा ध्यान कड़ी मेहनत करने, हर प्रतियोगिता से सीखने और देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है।'' मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में चानू का पोडियम पर पहुंचना उनकी निरंतरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## आस्ट्रेलिया वनडे : बुमराह, गिल के कार्यभार पर होगी चर्चा, अभिषेक और जायसवाल में से किसे मिलेगा मौका

**नयी दिल्ली :** रोहित शर्मा और विराट कोहली के वनडे क्रिकेट में भविष्य को लेकर चर्चा होगी लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर से पर्थ में शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये उनका चयन तय है हालांकि कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस कारणों को देखते हुए भारतीय टीम में कुछ बदलाव करने होंगे। चयनकर्ता वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट के दौरान तीसरे दिन शनिवार को वनडे टीम के चयन के लिये बैठक कर सकते हैं लेकिन टीम की घोषणा के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत चोटों के कारण उपलब्ध नहीं होंगे जबकि एशिया कप और उसके तीन दिन के भीतर दो टेस्ट की श्रृंखला खेलने वाले टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को भी ब्रेक की जरूरत है। ऐसे में उन्हें वनडे या टी20 या दोनों से आराम दिया जा सकता है। रोहित और कोहली मार्च में चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेले हैं और उन्होंने पिछले सात महीने में काफी मेहनत की है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक के अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में सर्वाधिक रन बनाये थे। वहीं रोहित ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ विजयी पारी खेली। रोहित को कप्तानी से हटाने का भी कोई कारण नहीं है क्योंकि इस प्रारूप में वह काफी सफल रहे हैं। वह खुद बल्लेबाजी पर फोकस करने के लिये कप्तानी छोड़ना चाहें तो बात अलग है। दोनों टेस्ट और वनडे से रिटायर हो चुके हैं और सिर्फ वनडे क्रिकेट खेलते हैं। दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए उनके भविष्य पर भी बात होगी। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार इस सत्र में सिर्फ छह वनडे खेले जाने हैं जिनमें तीन आस्ट्रेलिया में और तीन न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत में होंगे लिहाजा ठोस फैसला हड़बड़ी में नहीं लिया जा सकता। इस समय प्राथमिकता अगले साल भारत में होने वाला टी20 विश्व कप और 2025 में घरेलू टेस्ट से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अधिकतम अंक लेना होगा। टीम में कोहली और रोहित के रहने का संकेत वनडे श्रृंखला के लिये प्रसारक जियो हॉटस्टार के प्रोमो से भी मिला है जिसमें इन दोनों के पोट्रेट दिखाये गए हैं।

### भारत 'ए' महिला हॉकी टीम पांच मैचों के लिए चीन का दौरा करेगी

**नयी दिल्ली :** भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन के दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओनिंग टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मुकाबले दालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा भारतीय महिला हॉकी के भविष्य के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है, जिसमें उभरती हुई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय अनुभव और मैच अभ्यास हासिल कर सकेंगी। आठ दिन के इस दौरे पर टीम 13, 15, 17, 19 और 21 अक्टूबर को लियाओनिंग टीम को चुनौती देगी। इस दौरे का लक्ष्य युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में खुद को परखने और नयी चुनौतियों के लिए तैयार करने का मौका देना है।

## कृपया इसका राजनीतिकरण न करें: 'आजाद कश्मीर' वाले विवादित बयान पर सना मीर



**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर ने महिला विश्व कप के दौरान अपनी विवादास्पद 'आजाद कश्मीर' टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि यह केवल बल्लेबाज नतालिया परवेज के 'विवादित क्षेत्र' से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक के सफर के दौरान सामने आई 'चुनौतियों' की जानकारी देने के बारे में था। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बृहस्पतिवार को खेले गये मैच में कमेंट्री के दौरान सना ने कहा कि परवेज 'आजाद कश्मीर' से हैं। यह टिप्पणी भारतीय प्रशंसकों को पसंद नहीं आई और उन्होंने बताया कि सही शब्द पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) हैं। भारतीय प्रशंसकों ने सना पर राजनीतिक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। सना ने इन आरोपों के बाद 'एक्स' पर लिखा, ''एक पाकिस्तानी खिलाड़ी के गृहनगर के बारे में मेरी टिप्पणी का उद्देश्य केवल यह बताना था कि पाकिस्तान के एक खास क्षेत्र से आने के कारण उसे किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उसका अविश्वसनीय सफर कैसा रहा।

## पश्चिम बंगाल की पेनकैक सिलाट टीम ने कर्नाटक में नेशनल चैंपियनशिप 2025 में लहराया परचम



**कोलकाता :** कर्नाटक में 26 से 29 सितंबर तक आयोजित 13वीं सब-जूनियर एवं जूनियर नेशनल पेनकैक सिलाट चैंपियनशिप 2025 में पश्चिम बंगाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया। देशभर के 29 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों से 1800 एथलीटों के बीच हुई इस प्रतियोगिता में बंगाल की 29 सदस्यीय टीम ने कई पदक जीते। स्वर्ण पदक विजेताओं में पन्वी भद्र, अतीफा नाज, ईशान दास, रोहन कुमार दास, अबुजर आफताब और साग्निक दत्ता शामिल रहे। रजत पदक अद्वैत बी सिल, मोहम्मद गुलामे कौसर, सोहम बसफोर और सूर्या सिंह ने जीते, जबकि कांस्य पदक सुप्रिया कुमार यादव, अभ्रो बर्मन, शिवांश शाव और शिबम बसफोर को मिले। टीम के अन्य खिलाड़ियों ने प्री-क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचकर अच्छा प्रदर्शन किया। टीम मैनेजर प्रदीप घोष, हेड कोच राजा दास और असिस्टेंट कोच प्रीति घोष, पुर्वी सिंह व जैशन कुमार दास के मार्गदर्शन में यह सफलता हासिल हुई।



### सोने में पांच दिनों की तेजी थमी, 500 रुपये टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 500 रुपये टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इसके साथ सोने में पांच दिनों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर विराम लग गया। निवेशकों की मुनाफावसूली और डॉलर में आये मामूली सुधार से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। सोने की तरह, चांदी की कीमतें भी 500 रुपये घटकर 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। सर्राफा संघ ने कहा कि बुधवार को चांदी 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी।

### धातु शेयरों में लिवाली से बाजार में दूसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 224 अंक चढ़ा

**मुंबई :** धातु एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 224 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी 58 अंक चढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक यानी 0.28 प्रतिशत चढ़कर 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 602.42 अंकों के उतार-चढ़ाव के साथ 81,251.99 के ऊपरी और 80,649.57 अंक के निचले स्तर पर रहा। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,710 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,490 शेयरों में गिरावट रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत बढ़कर 24,894.25 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा सत्र रहा। इसके दम पर इस कारोबार सप्ताह में सेंसेक्स कुल 780.71 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की छलांग लगाने में सफल रहा जबकि निफ्टी में 239.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की तेजी रही।

# भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 'स्थिरता लाने वाली शक्ति', बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम: सीतारमण




**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि विश्व, व्यापार एवं ऊर्जा सुरक्षा में ''गंभीर असंतुलन'' का सामना करने के साथ ही संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में भारत 'स्थिरता कायम करने वाली शक्ति' के रूप में सामने आया है जो बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम है। सीतारमण ने यहां कौटिल्य आर्थिक शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि भू-राजनीतिक संघर्ष बढ़ रहे हैं और प्रतिबंध व शुल्क वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप दे रहे हैं। ''ऐसे में भारत को सतर्क रहना होगा और परितोष की कोई जगह नहीं है।'' उन्होंने कहा, '' युद्ध एवं रणनीतिक प्रतिद्वंद्विताएं सहयोग व संघर्ष की सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। जो गठबंधन कभी मजबूत दिखते थे, उनकी परीक्षा हो रही है और नए गठबंधन सामने आ रहे हैं। भारत के लिए ये गतिशीलताएं, संवेदनशीलता एवं लचीलेपन दोनों को उजागर करती हैं। झटकों को सहने की हमारी क्षमता मजबूत है। साथ ही हमारी आर्थिक क्षमता भी बढ़ रही है।'' सीतारमण ने कहा कि विश्व अभूतपूर्व वैश्विक अनिश्चितता एवं अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है और देशों के समक्ष चुनौती केवल अनिश्चितता से निपटने की नहीं बल्कि व्यापार, वित्तीय एवं ऊर्जा असंतुलन से निटपने की भी है। मंत्री ने 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा, '' इसलिए, हमारे सामने चुनौती केवल अनिश्चितता से नहीं बल्कि असंतुलन से निपटने की भी है। हमें खुद से सवाल करना होगा कि हम एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं जहां व्यापार निष्पक्ष हो, ऊर्जा सस्ती एवं टिकाऊ हो और जलवायु परिवर्तन से निपटने की कार्रवाई विकास की अनिवार्यताओं के अनुरूप हो...?'' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को ऐसे विचारों पर काम करने की जरूरत है, जो कल के पदानुक्रमों के बजाय आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विकासशील देशों की आवाज नियम-निर्माण में हाशिए पर न रहे, बल्कि भविष्य को आकार देने में उनकी आवाज को बल मिले।

## अस्थिर दुनिया में भारत स्थिरता का आधार: आरबीआई गवर्नर



**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत बना हुआ है और देश अस्थिर दुनिया में स्थिरता का आधार बन गया है। गवर्नर ने यहां कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में देश की मजबूत बुनियाद का श्रेय कम मुद्रास्फीति, अच्छे विदेशी मुद्रा भंडार, कम चालू खाता घाटा और देश के बैंकों व कॉरपोरेट जगत के मजबूत बहीखाते को दिया। मल्होत्रा ने कहा, ''यह सरकार के नीति निर्माताओं, नियामकों और विनियमित संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों का नतीजा है। कुल मिलाकर, हाल की मुश्किलों के बावजूद अर्थव्यवस्था मजबूत वृद्धि के साथ अच्छी तरह से स्थिर होती दिख रही है। यह एक बड़ी उपलब्धि है, जो भारत को अस्थिर दुनिया में स्थिरता के आधार के रूप में स्थापित करती है।'' रिजर्व बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमानों को संशोधित कर 6.8 प्रतिशत कर दिया था। साथ ही सामान्य से बेहतर मानसून और जीएसटी दरों में कमी के कारण मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले अगस्त में आरबीआई ने 2025-26 के लिए 6.5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर और 3.1 प्रतिशत मुद्रास्फीति का अनुमान जताया था। गवर्नर ने कहा, ''भारत का वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचा बहुत मजबूत है, जिसे दशकों से कड़ी मेहनत से बनाया गया है। हमारे पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार, कम मुद्रास्फीति, कम चालू खाता घाटा, एक बहुत ही भरोसेमंद राजकोषीय मजूबती का रास्ता है।'' मल्होत्रा ने कहा कि इसका श्रेय सरकार में बदलाव के बावजूद सूक्ष्म आर्थिक स्थिरता, मूल्य स्थिरता, वित्तीय स्थिरता और नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करने पर लगातार ध्यान देने को दिया जा सकता है।

## आरबीआई का विदेशी संस्थाओं के कार्यालय स्थापित करने के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव





**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को विदेशी संस्थाओं के भारत में शाखा या कार्यालय स्थापित करने के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव किया। केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (भारत में शाखा या कार्यालय की स्थापना) विनियम, 2025 का मसौदा' जारी किया है। आरबीआई ने कहा, ''मसौदा प्रस्ताव निर्देशात्मक से सिद्धांत आधारित ढांचे में बदलाव करके अधिक परिचालन स्वतंत्रता देते हैं।'' इसके अलावा, भारत में व्यवसाय स्थापित करने के लिए पात्रता मानदंडों में ढील देने का प्रस्ताव भी है। भारत में शाखा या कार्यालय खोलने से संबंधित मसौदे में कहा गया कि देश से बाहर की संस्था (ईआरओआई) को एक निर्दिष्ट फॉर्म में बैंक को आवेदन जमा करना होगा, जो इन प्रस्तावित विनियमों के अनुसार मंजूरी दे सकता है। शाखा या कार्यालय के लिए मंजूरी और खाता खोलने के बाद बैंक ऐसे कार्यालय की स्थापना की सूचना भारतीय रिजर्व बैंक को देंगे।

## टाटा कैपिटल के आईपीओ के लिए 310-326 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय



**कोलकाता :** टाटा कैपिटल ने अगले सप्ताह आने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 310 रुपये से 326 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह जुलाई में आए राइट्स इश्यू के मूल्य से करीब पांच प्रतिशत कम है। गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र (एनबीएफसी) की तीसरी बड़ी कंपनी टाटा कैपिटल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव सभरवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सभरवाल ने कहा कि कंपनी ने राइट्स इश्यू की तुलना में मूल्य दायरा को पांच प्रतिशत कम रखने का कदम बड़ी संख्या में खुदरा निवेशकों को आकर्षित करने और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया है। कंपनी ने जुलाई में राइट्स इश्यू के जरिये 1,750 करोड़ रुपये जुटाए थे, जिसमें शेयर की कीमत 343 रुपये रखी गई थी। उन्होंने कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा संस्थागत निवेशकों की मांग और खुदरा निवेशकों की पहुंच के बीच संतुलन बनाने के लिहाज से तय की गई है। सभरवाल ने कहा, संस्थागत निवेशक ऊंचे मूल्य पर निवेश करने के लिए तैयार थे, लेकिन हमारे निदेशक मंडल ने एक ऐसा मूल्य दायरा तय किया जो व्यापक भागीदारी, खासकर खुदरा निवेशकों को प्रोत्साहित करे। इसका उद्देश्य मजबूत मांग, स्वस्थ तरलता और सार्वजनिक बाजारों में स्थायी विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है।

### सौमित्र श्रीवास्तव ने आईओसी के निदेशक (विपणन) का पदभार संभाला



**कोलकाता :** सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में निदेशक (विपणन) का पदभार संभाल लिया है। उनके पास तीन दशक से अधिक का अनुभव हैं। इंडियन ऑयल (आईओसी) ने एक बयान में कहा कि आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक श्रीवास्तव इस पदोन्नति से पहले देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी में कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट रणनीति) थे। एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च से कार्यकारी एमबीए, श्रीवास्तव ने बिक्री कार्य में विभिन्न प्रमुख पदों पर जाने से पहले एलपीजी व्यवसाय में चार साल के कार्यकाल के साथ शुरुआत की। बयान में कहा गया है, ''अपनी नई भूमिका में, वह आईओसी के विशाल, राष्ट्रव्यापी विपणन ढांचे की रणनीतिक दिशा का मार्गदर्शन करेंगे, जिससे निरंतर बाजार नेतृत्व और ग्राहक सेवा सुनिश्चित होगी।''

### राजमार्गों पर क्यूआर कोड वाले साइनबोर्ड लगाएगा एनएचएआई, मिलेंगी जरूरी सूचनाएं

**नयी दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजमार्गों पर परियोजना से जुड़ी जानकारी और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराने के लिए क्यूआर कोड वाले साइनबोर्ड लगाएगा। एनएचएआई ने एक बयान में कहा कि इन वर्टिकल क्यूआर कोड साइनबोर्ड पर परियोजना से जुड़ी जानकारी दर्ज होंगी। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या, किलोमीटर निशान, राजमार्ग पर पेट्रोल करने वाली टीम के फोन नंबर, टोल प्रबंधक, रेजिडेंट इंजीनियर के संपर्क नंबर और आपातकालीन हेल्पलाइन 1033 शामिल होंगे। ये साइनबोर्ड राजमार्ग के किनारे मौजूद सुविधाओं, विश्राम स्थलों, टोल प्लाजा, ट्रक पार्किंग क्षेत्र, राजमार्ग की शुरुआत/समापन बिंदुओं और अन्य संकेतक स्थलों के पास लगाए जाएंगे। बयान के मुताबिक, क्यूआर कोड वाले साइनबोर्ड न केवल आपातकालीन और स्थानीय जानकारी तक बेहतर पहुंच के जरिये सड़क सुरक्षा को बढ़ाने का काम करेंगे बल्कि उपयोगकर्ता अनुभव एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रति जागरूकता में भी इजाफा करेंगे।

### एसबीआई के फैसले के खिलाफ अनिल अंबानी की याचिका खारिज

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक के निर्णय को चुनौती देने वाली उद्योगपति अनिल अंबानी की याचिका को खारिज कर दिया। स्टेट बैंक ने उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खातों को धोखाधड़ी वाले खातों के रूप में वर्गीकृत किया है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की पीठ ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। फैसले की विस्तृत प्रति अभी उपलब्ध नहीं है। एसबीआई ने पिछले साल इन खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया था और आरोप लगाया था कि उसके द्वारा दिए गए ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए धन की हेराफेरी की गई है। अंबानी ने उच्च न्यायालय का रुख करते हुए तर्क दिया कि बैंक ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन नहीं किया है क्योंकि उसने उन्हें सुनवाई का अवसर नहीं दिया।

वर्ष 10, पूर्णांक 3373 अंक 183, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in